माघ माह, कृष्ण पक्ष 2 1 वर्ष, अंक 10 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 02 फरवरी 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

बजट 2022-2023

मिडिल क्लास निराश

"यह अर्थव्यवस्था को गति देने का काम करेगा। इस बजट से देश के प्रत्येक नागरिक को आर्थिक रूप से सशक्त करने और अर्थव्यवस्था को मजबूत व गति देने का काम करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि रोजगार के प्रमुख क्षेत्र कृषि, इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्सटाइल और रोजगार पर बजट में जोर दिया गया है।
– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

"ये बजट अमृत काल के अगले 25 वर्षों का ब्लू प्रिंट है। गंगा नदी के किनारे 5 किमी चौड़े गलियारों में किसानों की जमीन पर फोकस के साथ पूरे देश में रासायनिक मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 जैसी योजनाओं को व्यापक रूप से नया रूप दिया है। -वित मंत्री निर्मला सीतारमण

किसे क्या मिला

मिडिल क्लास

- आम आयकरदाताओं को बजट 2022 में कोई राहत नहीं
- 2.5 लाख रुपए की तक की सालाना इनकम ही टैक्स फ्री रहेगी
- अगर आपकी इनकम 2.5 से 5 लाख के बीच है तो आपको 5 लाख – 2.5 लाख = 2.5 लाख रुपए पर 5% टैक्स देना होगा
- 2.5 लाख रुपए पर 5% टैक्स देना होगा

इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87ए का फायदा उठाकर आप अब भी 5 लाख रुपए तक की सालाना इनकम पर टैक्स बचा सकेंगे

आवास

- गरीबों के लिए एक साल में बनाए जाएंगे 80 लाख मकान
- वित्त वर्ष 2022-23 में 48 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे

कृषि सेक्टर

- अब सीधे किसानों के खाते में जाएगी एमएसपी
- 163 लाख किसानों से 1208 मीट्रिक टन गेहूं और धान खरीदा जाएगा
- एमएसपी के जरिए किसानों के खाते में 2.37 लाख करोड़ रुपए भेजे जाएंगे
- जीरो बजट खेती और ऑर्गेनिक खेती, आधुनिक कृषि, मूल्य संवर्धन और प्रबंधन पर जोर दिया जाएगा
- केन-बेतवा नदी जोड़ने की परियोजना की घोषणा
- स्टार्टअप एफपीओ को सपोर्ट करके किसानों को हाईटेक बनाया जाएगा
- साल 2023 को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है, किसानों को डिजिटल सेवा दी जाएंगी

शिक्षा

- बजट में डिजिटल यूनिवर्सिटी और 60 लाख नई नौकरियां देने का वादा
- डीटीएच प्लेटफॉर्म पर प्रधानमंत्री ई-विद्या योजना के तहत एक चैनल एक क्लास योजना को 12 से 200 टीवी चैनल योजना तक बढ़ाया जाएगा
- मेक इन इंडिया के तहत 60 लाख नौकरियां आएंगी।
- आदिवासी बच्चों के लिए स्कॉलरशिप भी लाई जाएगी

स्वास्थ्य

- मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते देश में नेशनल टेलीमेंटल सेंटर शुरू किए जाएंगे

रेलवे

- अगले तीन सालों में 400 वंदे भारत ट्रेनें चलाई जाएगी।
- रेलवे 100 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल भी बनाएग
- किसानों के लिए 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' योजना
- रफ्तार को नए आयाम देने की योजना 'पीएम गतिशक्ति'
- वंदे भारत: देश की सबसे तेज ट्रेन, इसकी अधिकतम गति 180 किलोमीटर प्रति घंटा

महंगा-सस्ता...

महंगा

कैपिटल गुड्स पर आयात शुल्क में छूट खत्म कर दिया गया है। इसपर 7.5 फीसदी आयात शुल्क लगा दिया गया है। वहीं इमिटेशन ज्वैलरी पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाई गई है। इसका कारण आयात को कम करना है। विदेशी छाता भी महंगा होगा। आयातित सामान महंगे होंगे। अक्टूबर से बिना ब्लेंडिंग वाले फ्यूल पर दो रुपये प्रति के लीटर के हिसाब से एक्साइड ड्यूटी लगेगी है

सस्ता

कपड़ा, चमड़े का सामान, मोबाइल फोन, चार्जर, हीरे के आभूषण, खेती के सामान सस्ते होंगे। इसके अलावा पालिस हीरे पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई है। इसके अलावा विदेशी मशीनें और इलेक्ट्रानिक समान सस्ते होंगे।

जारी होगा डिजिटल रुपया, क्रिप्टो करेंसी पर देना होगा 30 फीसदी टैक्स

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2022-23 के आम बजट में डिजिटल रुपये को लेकर बड़ा ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि आरबीआई वित्त वर्ष 2022-23 में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी यानी डिजिटल रुपये को रोलआउट करेगी। वित्त मंत्री के ऐलान के मुताबिक डिजिटल रुपये को ब्लैकचेन टेक्नोलॉजी समेत कई अन्य टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके जारी किया जाएगा। साधारण शब्दों में कहें, तो यह सरकारी वर्चुअल करेंसी होगी। वित्त मंत्री के ऐलान के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में केंद्रीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से डिजिटल रुपए को जारी किया जाएगा।

जल जीवन मिशन को 60 हजार करोड़, 3.8 करोड़ घरों में पहुंचेगा नल से जल

नई दिल्ली: केंद्रीय बजट में जलशक्ति मंत्रालय की जीवन जीवन मिशन-हर घर जल योजना को बड़ा बूस्ट मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन वाली योजना "हर घर नल से जल" को बजट में 2022-23 के लिए 60 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इससे वित्त वर्ष 2022-23 में 3 करोड़ 80 लाख नए ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण की तरफ से पेश आत्मनिर्भर भारत का बजट 130 करोड़ भारतीयों को परिवर्तनकारी लाभ देगा। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि नल से जल के 3 करोड़ 80 लाख नए कनेक्शन, रासायनिक मुक्त कृषि के लिए गंगा किनारे 5 किलोमीटर चौड़ा गलियारा से लेकर केन-बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड में सिंचाई के लिए पानी, यह सब सुनिश्चित करता है कि हर भारतीय की जरूरतों का बजट में पूरा करने का ध्यान रखा गया है। शत-प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचाने के वादे को पूरा करने की मजबूत कार्ययोजना प्रस्तुत करता है। परिवारों में से करीब 8 करोड़ 91 लाख से अधिक घरों में नल से जल मिलने लगा है। योजना की घोषणा के ढाई साल पूर्व 17 फीसदी से भी कम ग्रामीण घरों में नल से जल मिल रहा था। बजट में करीब 10 हजार करोड़ रुपये अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में 3 करोड़ 25 लाख नए कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा था। संशोधित बजट अनुमान 45 हजार 11 करोड़ रुपये के मुकाबले तो यह करीब 15 हजार करोड़ रुपये अधिक है।

डिफेंस

- सेना के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में स्वदेशी भागीदारी को महत्व दिया
- भविष्य में देश का रक्षा क्षेत्र घरेलू बाजार में तैयार होने वाले उपकरणों से लैस होगा

डिजिटल वर्ल्ड

- 5जी रोजगार के लिए सबसे बड़ा और उभरता हुआ सेक्ट, ग्रामीण इलाकों में सस्ते इंटरनेट के लिए इंतजाम किए जाएंग
- जल्द ही जारी होंगे ई-पासपोर्ट, माइक्रो चिप से होंगे लैस

एलआईसी

- भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी का पहला पब्लिक
- आईपीओ जल्द आएगा कई अन्य सरकारी कंपनियों के भी आईपीओ जल्द आएंगे

भारत की उम्मीदों का बजट

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2022-23 का आम बजट संसद में पेश कर दिया। सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में आम बजट को डिजिटल फॉर्म में पेश करते हुये नौकरी, घर, किसान, रक्षा, व्यापार और क्रिप्टो सहित कई क्षेत्रों के लिये बड़े ऐलान किये। उन्होंने इस बजट को अगले 25 साल का 'ब्लू-प्रिंट' बताया है, जिसमें 60 लाख लोगों को नौकरी देने की भी घोषणा की। वित्त वर्ष 2022-23 के आम बजट में सबसे ज्यादा इंतजार आयकर में बदलाव का था, लेकिन मध्यम वर्ग को वित्त मंत्री सीतारमण के इस बजट से निराशा ही हाथ लगी है। आयकर स्लैब में इस वर्ष भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस वित्त वर्ष में डिजिटल करेंसी को लॉन्च करेगा, जिस पर होने वाली कमाई पर 30 फीसदी का कर लगेगा। निर्मला सीतारमण ने साल 2019 में वित्त मंत्री का पद संभालने के बाद लगातार चौथी बार बजट पेश कर रही थीं। सीतारमण के बजट भाषण के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने मुस्कुराते हुए कहा कि वित्त मंत्री जी डिजिटल बजट पढ़ रही हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के आम बजट में 7.5 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है, यह व्यय जीडीपी का 2.9 फीसदी होगा। इसके साथ ही कटे एवं पॉलिश हीरे और रत्नों पर कस्टम ड्यूटी को घटाकर 5 फीसदी करने की घोषणा भी की। सीतारमण ने कहा कि वर्चुअल डिजिटल एसेट के ट्रांसफर से होने वाली किसी भी आय पर 30 फीसदी की दर से टैक्स लगेगा। बजट पेश करते हुये निर्मला सीतारमण ने आगे कहा कि एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) सेक्टर में युवाओं को रोजगार देने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों के साथ एक एवीजीसी प्रमोशन टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जो हमारे बाजार और वैश्विक मांग के लिये घरेलू क्षमता का निर्माण करेगी। इसके साथ ही ब्लॉकचेन और अन्य तकनीकों का इस्तेमाल कर डिजिटल करेंसी शुरू की जाएगी, जिसे आरबीआई वित्त वर्ष 2022-23 में जारी करेगा। वित्त मंत्री ने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत 80 लाख घरों के निर्माण को पूरा करने के लिये 48,000 करोड़ रुपये आवंटित किये जाने का ऐलान किया। इसके साथ ही आम बजट 2022-23 के लिये 7.5 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का भी प्रावधान किया गया है। वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में यह व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.9 फीसदी होगा।

खबर संक्षेप

विद्युत लाइन बनाते समय संविदा लाइन मैन झुलसा

मेजा रोड। औता सब स्टेशन पर कौशल संविधान लाइनमैन बरवा गांव में लाइन बनाते समय झुलसा प्राप्त जानकारी के अनुसार औता सब स्टेशन पर वीरेंद्र यादव 40 वर्ष पुत्र अमृतलाल निवासी चोरबना कौशल संविदा लाइनमैन है ।ग्रामीणों की सूचना पर बरवा गांव में लाइन बना रहे थे तभी ग्रामीणों के प्रेशर,दबाव में लाइन चालू कर दिया गया जिसमें संविदा लाइनमैन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया ग्रामीणों और विद्युत अधिकारियों द्वारा आनन-फानन में निजी अस्पताल ले गए जहां स्थित नाजुक है ।पता सब स्टेशन के जेई लवकुश कुमार ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा जो प्रेशर दबाव बनाया जाता है इसी कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है मेरी गुजारिश है कि ग्रामीण लाइन बनाते समय दबाव बनाकर लाइन चालू कर दिया जाता है जिससे कर्मचारी खतरे में पड़ जाते हैं। जिसमें सभी उच्च अधिकारी विद्युत कर्मचारी उपस्थित रहे।

लापता युवक का शव नाले में मिलने से मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

नैनी पुलिस नहीं दर्ज की थी गुमशुदगी की रिपोर्ट, परिजनों का आरोप उसे मारकर नाले में फेंक दिया गया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का राज खुलेगा

बीपीसीएल पुलिया के समीप लापता युवक का शव नाले में मिलने पर पुलिस व एकत्रित लोग

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के बीपीसीएल पुलिया के समीप मंगलवार को एक लापता युवक का शव नाले के अंदर मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन पहुंचे और शव को देख कोहराम मच गया।वहीं परिजन पुलिस पर गुमशुदगी की रिपोर्ट न दर्ज करने का और उसे मारकर नाले में फेंकने का आरोप लगाते रहे। हालांकि पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

नैनी कोतवाली क्षेत्र के शाहजी का पूरा निवासी इमरान (32) उर्फ छोटे पुत्र मशरुर खान चार बहनों में इकलौता था। वह त्रिवेणी नगर निवासी अशोक नामक व्यक्ति की दुकान पर बिल्डिंग का काम करता था। प्रतिदिन की तरह बीते 28 जनवरी सुबह घर से लगभग एक हजार रुपए नकदी लेकर उक्त दुकान पर काम करने के लिए पहुंचा, लेकिन वह देर शाम तक वापस अपने घर पर लौट कर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता सताने लगी। इस दौरान परिजन उसकी हर उस स्थान पर खोजबीन किए, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं मिला। मंगलवार शाम को उसका शव नैनी कोतवाली क्षेत्र के बीपीसीएल पुलिया व कर्मचारी राज्य बीमा हॉस्पिटल के समीप नाले के अंदर मिलने से हड़कंप मच गया और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर परिजन ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान इमरान खान उर्फ छोटे के रूप में करते हुए दहाड़ मार कर रोने बिलखने लगे। परिजनों का कहना है कि जब उसका कोई सुराग नहीं मिला था तो वह सभी पीडीए पुलिस चौकी व नैनी कोतवाली पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बकायदा पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने उनकी तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं किया। यदि पुलिस उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन करती तो वह जिंदा मिल सकता था, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया। नतीजा इमरान का शव नाले के अंदर बरामद होने पर परिजनों का आरोप है कि उसे मार कर फेंक दिया गया है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई है यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा और उन्हें इमरान की गुमशुदगी की तहरीर नहीं दी गई थी, बल्कि मौखिक सूचना दी गई थी। वहीं मृतक के तीन बच्चे और पत्नी फरवीन बानो बेगम का हाल बेहाल था।

न्यूज झरोखा

जसरा में मोनी अमावस के अवसर पर युवाओं ने राहगीरों व स्नानर्थियो को बाटा भोजन

जसरा। जसरा के लाइनपार मोहल्ले में स्थानीय व्यापारियों व युवाओं ने मौनी अमावस्या के अवसर पर स्नानार्थियो व राहगीरों को भोजन का वितरण किया । इस अवसर पर दर्जनों लोग उपस्थित रहे। मंगलवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम स्नान के लिए क्षेत्र के गांव से भारी संख्या में लोग निकले । स्नान पर्व को देखते हुए जसरा के व्यापारियों व युवाओं ने सामूहिक रूप से भोजन का स्टाल लगाया। जहां पर आने जाने वाले लोगों को पूड़ी, सब्जी व बुंदिया का वितरण किया गया। इस अवसर पर कन्दर्प केसरवानी, अशोक केसरवानी ,शंभू केसरवानी ,नितेश केसरवानी, अन्नू केसरवानी ,केसरी, केतन ,राम जग ,श्याम बाबू, सोनू, मोनू, भोला केसरवानी, नारायण केशरवानी , मनोज केसरवानी, सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

संगठन की एक जुटता ही हमारी पहचान : पीसी पाण्डेय

जसरा। पत्रकार संगठन की एकजुटता ही हमारी पहचान है। संगठन का व्यापक रूप से विस्तार किया जाएगा इसमें साफ छवि के पत्रकार ही शामिल होंगे, उक्त उदगार पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज यूपी संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष पीसी पाण्डेय ने जसरा के जय कामतानाथ ट्रेडर्स कार्यालय में मंगलवार को आयोजित पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज यूपी संघ की प्रान्तीय बैठक में व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रान्तीय संरक्षक कमलाकर सिंह ने तथा संचालन संघ के प्रान्तीय संगठन मंत्री ज्ञानेन्द्र पाठक ने की। बैठक में मुख्य रूप से ज्ञानेंद्र पाठक, आनंद जायसवाल, सोनू भटनागर, भानु मिश्रा, गौरी शंकर बिन्द अनिल कुमार बिन्द सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

रामकृपाल ने थामा कांग्रेस का दामन

कोरांव। पूर्व विधायक रामकृपाल कोल ने सपा को अलविदा करते हुए कांग्रेस का दामन थाम लिया है। चर्चा है कि सपा के प्रबल उम्मीदेरों में से इन्हें माना जा रहा था। किंतु इन्हे टिकट नहीं मिला,जिससे नाराज थे। आखिर कार कांग्रेस ने उन्हें अपने पाले में ले लिया। लगता है कि रामकृपाल कोल को ही कांग्रेस टिकट देगी। इनके टिकट मिलने से कई उम्मीदवारों का समीकरण बिगड़ सकता है। क्योंकि भाजपा और जन अधिकार तथा सपा ने भी कोलो को ही उम्मीदवार बनाया है। बसपा ने पूर्व विधायक राजबली जैसल को मैदान में उतारा है। इस प्रकार संघर्ष दिलचस्प मोड़ ले लिया है।

मंसूर अली सिद्दीकी राजस्व निरीक्षक पद से हुए सेवानिवृत्त, दी विदाई

जसरा। ग्राम सभा अमरेहा निवासी मंसूर अली सिद्दीकी राजस्व विभाग के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए 31 जनवरी 2022 को राजस्व निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए। श्री सिद्दीकी द्वारा किए गए सराहनीय कार्य को लेकर क्षेत्रवासियों में चर्चा रही तथा विभाग में संघ के विभिन्न पदों पर रहकर उनके द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा राजस्व कर्मचारियों में लगातार होती रही। श्री सिद्दीकी हमेशा से अपने राजस्व क्षेत्र में गरीबों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए गरीबों का काम और सम्मान दिलाने का कार्य करते रहे। उनके सेवानिवृत्त के अवसर पर पूर्व राजस्व क्षेत्रों के भी निवासी उपस्थित रहे एवं उनके द्वारा कराए गए कार्यों की सराहना करते रहें। श्री सिद्दीकी पूर्व में राजस्व लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला अध्यक्ष, राजस्व निरीक्षक संघ के जिला अध्यक्ष एवम वर्तमान में राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष के पद को शोभित कर रहे थे। सेवानिवृत्ति के बाद गृह ग्राम लौटने पर ग्राम वासियों ने हर्ष उल्लास के साथ माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालो में डा ङ्क साबिर, रईस अहमद, अबुल औशाफ, जीशान अली, शाह आलम, साकिब, आदि उपस्थित रहे।

कोटेदार पर लगाया मारपीट का आरोप, दी तहरीर



पसना। कोरांव थानान्तर्गत पसना गांव के कार्डधारक मंगला प्रसाद बिंद ने पसना के कोटेदार के विरुद्ध कोरांव थाने में मारपीट का आरोप लगाते हुये प्रार्थना पत्र दिया है। भुक्तभोगी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री अन्न योजना के द्वितीय चक्र का राशन लेने कोटेदार के दुकान पर सुबह जाकर मेरी पत्नी ने अंगूठा लगाया था,भीड़ अधिक होने कारण कोटेदार ने शाम को आकर राशन लेने की बात कही जिस पर मेरी पत्नी वापस गबर आ गयी ।पुनः शाम को मैं पत्नी के साथ राशन लेने उक्त दुकान पर गया तो कोटेदार ने कहा कि अब दुकान बंद करने का समय हो गया है कल सुबह आना ।इस पर मैंने राशन देने का अनुरोध किया तो कोटेदार ने गाली-गलौज के साथ मुझसे मारपीट शुरू कर दी ।साथ गयी मेरी पत्नी एवं अन्य लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मुझे कोटेदार के चंगुल से छुड़ाया। इस सम्बंध में कोटेदार से बात करने पर उसने बताया कि उक्त व्यक्ति दुकान पर राशन लेने आया था,मैंने दुकान बंद होने की बात कहकर सुबह आने की बात कही थी।

सम्मानित होते कलाकार

कला और कलाकार का सम्मान करना हमारा दायित्व : शरद मिश्र

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। नई दिल्ली में राजपथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में ढेढिया लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर प्रयागराज का मान बढ़ाने पर सुप्रिया लोक नृत्य को लोक संस्कृति विकास संस्थान प्रयागराज की ओर से संस्थान के सारंगापुर स्थित कार्यालय सभागार में तुलसी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पार्श्व गायिका तृप्ति शाक्या एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में के.पी. उच्च शिक्षा संस्थान की प्रबंधक शारदा पांडेय उपस्थित रहीं। तृप्ति शाक्या ने कहा कि महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं और समाज भी अब उनके पहचान को सम्मान दे रहा है। वहीं लोक संस्कृति विकास संस्थान के अध्यक्ष शरद कुमार मिश्र ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति में लोक कलाओं की सशक्त पहचान रही है। कला और कलाकार का सम्मान करना हमारा दायित्व है। लोक कलाओं से हमारी भारतीय संस्कृति समृद्ध होती है। सम्मान के रूप में समूह के सभी सदस्यों को सम्मान पत्र, अंगवस्त्रम एवं भगवान नटराज की मूर्ति प्रदान किया गया। सम्मान पाकर सभी लोक कलाकारों के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर रंगोली तिवारी, अविनाश राणा, हामिद अंसारी आदि रहे।

डॉ गुलाम मुस्तबा उर्फ लाल मियां बनाये गये सपा के जिला सचिव

अखंड भारत संदेस

समाजवादियों ने माल्यार्पण कर किया सम्मान, हुआ मिष्ठान वितरण

महिला सभा की विधानसभा करछना अध्यक्ष फिरिया सिद्दीकी सानिया, आशीष यादव, श्याम जी यादव, गंगोत्री यादव, डॉ फिरोज खान, जसवंत यादव, सुहैल अकरम, गुलाम कादिर, आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी का डॉ गुलाम मुस्तबा उर्फ लाल मियां ने आभार व्यक्त किया।

करछना। जिला पार्टी कार्यालय जार्जटाउन स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की संस्तुति व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी की अनुमती से जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव जी द्वारा समाजवादी पार्टी में 1992 से सक्रिय भागीदारी निभाने वाले जमुना पार को वर्षों से समाजवादी नीतियों से सींचने वाले डॉ गुलाम मुस्तबा को आज जिला सचिव नियुक्त किया गया तत्पश्चात समाजवादियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया एवं माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान सपा के युवा नेता शाहबाज हक ने डॉ गुलाम मुस्तबा को जिला सचिव बनाए जाने पर संघर्षों के साथियों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में निष्ठा एवं लगन के साथ इमानदारी से कार्य करने वालो को देर से ही सही, लेकिन निश्चित ही सम्मान मिलता है।डॉ गुलाम मुस्तबा ने कहा कि वे अल्पसंख्यक के साथ-साथ अन्य दबे कुचले वंचित समाज के बीच जाकर पार्टी की नीतियों एवं अखिलेश यादव सरकार के विकास कार्यों को अवगत कराएगे और पार्टी को मजबूत कर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का काम करेंगे।कार्यक्रम का संचालन सपा के जिला सचिव राममूरत यादव नाटे चौधरी ने किया। अवसर पर सपा के जिला सचिव राममूरत यादव नाटे चौधरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शाहबाज हक,

मैच का लुफ्त लेते अतिथि

जनवार गांव में क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ

मेजा रोड। क्षेत्र के जनवार गांव मे मंगलवार को आरकेपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट मैंच का शुभारंभ बड़े ही शानदार तरीके से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी बबलू शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर खेल का शुभारंभ किया और मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला अफजाई किया। मुख्य अतिथि बबलू शर्मा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होने से गांव में छुपे प्रतिभावान खिलाड़ी सामने आते हैं। ग्रामीण स्तर पर टूनार्मेंट का आयोजन हमेशा होना चाहिए उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर तरीके से क्रिकेट खेलने की बात कही। मुख्य अतिथि ने टूनार्मेंट के आयोजक सनी द्विवेदी, विनीत पांडे, संदीप मिश्रा, शिवम शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं को निखारने और तराशने का इससे बढ़िया बेहतर तरीका और कुछ नहीं हो सकता आप सब बधाई के पात्र हैं। इस दौरान मदन पांडे, गौरी देवी हॉस्पिटल के निदेशक नारायण कुमार मंडल, ग्राम प्रधान कठौली शंभूलाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।टूनार्मेंट में पवन पटेल ,छोटू, रवि पटेल, पंकज पांडे, अमित विश्वकर्मा, हिमांशु, अर्पित की भूमिका सराहनीय है।

आचार संहिता लगने के बाद विधायक ने बांटा सरकारी सोलर पैनल

माना जय तो आचार संहिता का हो रहा उल्लंघन

लालापुर। क्षेत्र में सूत्रों मुताबिक कई लोगों को सोलार पैनल दिया गया है बताया जा रहा की विधायक ने गाँव के कुछ नाम के लोगों को पैनल दिया गया है जिसको लेकर अन्य पार्टी में नाराजगी भी है बताया जा रहा की जो सोलार पैनल पहले दिया जाना चाहिए था उसको आचार संघिता में दिया जा रहा है जिसको लेकर अन्य पार्टी के लोगों ने कहाँ की अगर आएसा है तो आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है।

कोरांव का सर्वांगीण विकास ही मेरा लक्ष्य : आरती कोल

अखंड भारत संदेश

प्रेस कांफ्रेंस करती भाजपा प्रत्यासी श्रीमती आरती कोल भाजपा नेता

कोरांव। कोरांव से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती आरती कोल ने कहा की क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरा पहला लक्ष्य है। उक्त बातें पत्रकारों से प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरती कोल ने कही। कोरांव की जनता के विकास से सम्बंधित विषयो पर अपना विचार रखा , उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य के साथ जीवन की मूलभूत सुविधाएं मेरी प्राथमिकता में रहेगी, पाल क्षेत्र की सिंचाई की समस्या का समाधान व पहाड़ी क्षेत्र में पेयजल की समस्या, बैजला में लपरी नदी पर पुल, प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर डॉ की तैनाती कोरांव में महिला चिकित्सालय का नवीनीकरण व महिला डॉक्टरों की तैनाती , कोरांव बस स्टैंड का नवीनीकरण व बसों का संचालन,कोरांव की जाम की समस्या के लिये रिंग रोड बनवाना कौशल विकास से सम्बंधित परियोजनाओं का विधानसभा में संचालन जिससे युवाओ के रोजगार में बढ़ावा मिले। आरती कोल ने कहा मुझे भाजपा से टिकट कोरांव की जनता के आशीर्वाद व संगठन पदाधिकारियो के बदौलत मिला है और इन्ही के आशीर्वाद से विजय सुनिश्चित है।,मेरी प्राथमिकता रहेगी कि सबका सम्मान सुरक्षित रहे। उक्त बातें आज कोरांव विधानसभा में केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उदघाटन के बाद आरती जी ने पत्रकार बन्धुओ के समक्ष रखा। केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उदघाटन विधानसभा प्रभारी मनोज सोनकर (अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य) ने किया कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी, जिलापंचायत सदस्य पिंटू चौबे, भाजपा नेता शशी द्विवेदी, गणेश प्रसाद मिश्र जयब्रत सिंह दीप द्विवेदी समेत कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

सिरसा मे गूंजे सीआरपीएफ जवानों के बूट

अखंड भारत संदेश

पंहुचे कमांडेंट ने लोगों को किया जागरूक,जवानों के साथ सिरसा चौकी प्रभारी ने किया गश्त

सिरसा में फ्लैग मार्च करते सीआरपीएफ जवान

सिरसा। प्रयागराज विधानसभा चुनाव की बिसात बिछ गई है। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है। मेजा थाना क्षेत्र के गांवों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के बूटों की गूंज रही। सीआरपीएफ के जवानों और सिरसा पुलिस चौकी प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा के द्वारा पैदल मार्च किया गया। वहीं पिछले दिनों मेजा खास, मेजारोड, रामनगर सहित थाना क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर जवानों के साथ पुलिस ने गांवों में पैदल गश्त की। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उनसे खुलकर निर्भीक होकर मतदान करने को कहा। मंगलवार को मेजा थाना क्षेत्र के नगरपंचायत सिरसा में सीआरपीएफ के जवानों के साथ सीआरपीएफ के कमांडेंट और पुलिस चौकी प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा ने मेजा के सिरसा में पैदल गश्त कर लोगों को जागरूक किया। कमांडेंट ने जवानों के साथ पैदल गस्त करते हुए सिरसा से रामनगर, सोनार का तारा, ऊंचडीह की ओर निकल गए। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को पैदल गश्त करते हुए लोगो ने देखा तो सुरक्षा के प्रति लोगो मे जागरूकता देखने को मिला।

सराय बाहर के कोटेदार द्वारा घटतौली को लेकर बुलाई गई फोर्स

अखंड भारत संदेश

सोरांव। दबंग कोटेदार द्वारा हर कार्ड पर 2 किलो राशन की कटौती पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जिसको लेकर सोमवार को एक लाभार्थी से कोटेदार द्वारा कहासुनी होने पर लाभार्थी ने पुलिस से शिकायत की मौके पर पुलिस आकर मामले को संज्ञान में लेकर कोटेदार को फटकार लगाई। सोरांव क्षेत्र के सराय बाहर के कोटेदार के पति पप्पू गौतम से हर कार्ड पर दो किलो की कटौती को लेकर हाजीगंज के एक लाभार्थी का आरोप है कि सोमवार को राशन लेने कोटेदार के घर गया था लेकिन कोटेदार हर कार्ड पर 2 किलो राशन की कटौती करके दे रहा था जब लाभार्थी राशन पूरा लेने की बात कही तो कोटेदार राशन न देने की बात कही। और कोटेदार का आरोप है कि जब हम लोगों को गोदाम से राशन कम मिलता है तो कम देंगे। जिसको लेकर लाभार्थी से कहासुनी होने लगी तो लाभार्थी ने पुलिस को सूचित किया मौके पर पुलिस आकर शांति व्यवस्था बनाई। तथा पुलिस ने कोटेदार को घटतौली न करने की बात कही। तथा शांति व्यवस्था बनाकर और कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए राशन वितरण की बात कही।

अमौसा का मेला लागल ठेलम ठेला, एहू हाथे झोरा ओहू हाथे झोरा, कांधे पर बोरी कपारे पर बोरा

एक करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। दैविक व भौतिक कष्टों से मुक्ति की कामना पूर्ति के लिए तीर्थराज प्रयाग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। धैर्य पर्व मौनी अमावस्या पर जीव और ब्रह्म के बीच आत्मीय मिलन की अनुभूति हुई। मौनी अमावस्या पर्व के महत्व के अनुरूप मौन धारण करके बच्चे, युवा व वृद्धों ने त्रिविधि ताप-पाप नाशिनी त्रिवेणी संगम के आंचल में कुछ पलों की पनाह लिया। पवित्र जल डुबकी लगते ही श्रद्धालुओं को हृदय धड़कन, उच्छवास मौन की गूंज से देवी-देवताओं से आत्मीय मिलन का आभास हुआ।

मध्यरात्रि से शुरू हो गया स्नान का सिलसिला

माघ मास की अमावस्या तिथि सोमवार की दोपहर 1.27 बजे लग गई थी। इसी कारण स्नान का सिलसिला सोमवार की दोपहर से शुरू हो गया था। मंगलवार को दिन में 11.29 बजे तक अमावस्या तिथि थी, इसी कारण कोहरा व ठंड के बावजूद मध्यरात्रि से स्नान-दान का सिलसिला आरंभ हो गया। माघ मेला के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर संगम तीरे भक्ति की अद्भुत बयार बही। श्रद्धालुओं पर पुण्य की वर्षा करने के लिए ग्रह भी एकाकार हो गए। धनु राशि में सूर्य, मंगल व शुक्र और मकर राशि में चंद्रमा, शनि व सूर्य का संचरण होने से स्नान पर्व का महत्व बढ़ गया।पुण्य बेला में आम श्रद्धालुओं के साथ शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर संतोष दास ,सतुआ बाबा, जगद्गुरु स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती, जगद्गुरु स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ, जगद्गुरु स्वामी महेशाश्रम, स्वामी ब्रह्माश्रम, स्वामी विमलदेव आश्रम आदि ने संगम व गंगा में डुबकी लगाई। सोमवार की दोपहर से मंगलवार की शाम तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। संगम के अलावा रामघाट, अक्षयवट घाट, दारागंज व दशाश्वमेध घाट पर भी स्नान-दान का सिलसिला शाम तक तक चलता रहा। संगम के अलावा अरैल, दारागंज, अक्षयवट, दशाश्वमेध, फाफामऊ, रामघाट, गंगोली शिवालय आदि घाटों पर स्नान हुआ।

गंगा जल बन जाता है अमृत

ऐसी मान्यता है कि मौनी अमावस्या की इस तिथि पर गंगा जल अमृत के समान हो जाता है। मौनी अमावस्या के दिन गंगा में स्नान करने से सभी तरह के पापों का शमन हो जाता है। मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मध्य रात्रि से ही संगम स्नान करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

स्नान के बाद संगम में फोटो लेते श्रद्धालु

बुजुर्ग दादा को कंधे पर बैठाकर लगवाई संगम में डुबकी...

प्रयागराज। आपने श्रवण कुमार के बारे में जरूर सुना होगा लेकिन हम आपको दो ऐसे भाइयों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो अपने बुजुर्ग दादा को कंधे पर बैठाकर संगम स्नान करवाने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज पहुंचे। ये दोनों भाई मध्यप्रदेश में रीवा के रहने वाले हैं। जब लोगों ने देखा कि दोनों इतनी दूर से अपने दादा को कंधे पर बैठाकर संगम स्नान के लिए लाए हैं, तो सभी हैरान रह गए। विष्णु और शंकर ने बताया कि वे अपने दादा से बहुत प्यार करते हैं और उनकी सेवा करना उन्हें अच्छा लगता है। इसे वह अपना धर्म और कर्तव्य समझते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों उनके दादा की संगम स्नान करने की इच्छा थी। इसलिए दोनों ने उनकी इच्छा को पूरा करने का सोचा। फिर दोनों अपने दादा को कंधे पर बैठाकर रीवा से प्रयागराज पहुंचे। बता दें, माघ मेले के तीसरे सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर मंगलवार को मौन डुबकी लगाई जा रही है। मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर ब्रह्म मुहूर्त से श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालु संगम के अलग-अलग घाटों पर डुबकी लगा रहे हैं। मौनी अमावस्या पर संगम स्नान विशेष फलदायी होता है। वहीं, सुरक्षा को लेकर मेला प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। मेला क्षेत्र में पांच हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। घाटों पर पुलिस के साथ-साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात हैं। प्रशिक्षित गोताखोरों को भी स्नान घाटों पर तैनात किया गया है। साथ ही सफाई के लिए कर्मियों की शिफ्ट वाइज तैनाती की गई है। मेला क्षेत्र से भीड़ को निकालने के बाद श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेशन तक चिह्नित मार्गों से ही ले जाने की हिदायत दी गई है। साथ ही पुलिस ने लोगों से कोरोना नियमों को पालन करने का अनुरोध किया है।

सुरक्षा : चप्पे-चप्पे पर टिकी रही प्रशासन की नजरें

अमावस्या स्नान के दौरान संगम में मुस्तैद दिखे अधिकारी

मेले के हर चौराहे पर मौजूद रही पुलिस

मौनी अमावस्या के स्नान को लेकर पुलिस प्रशासन को भी अलर्ट मोड में कर दिया गया । मंगलवार को कमिश्नर, जिलाधिकारी और एसएसपी ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे । चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा बल के जवाब तैनात दिखे । श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो और उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े, इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी मेला क्षेत्र में मौजूद रहे तथा मौजूद पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश भी देते रहे। 60 अधिकारी, 7000 पुलिसकर्मी मेले में रख रहे है नजर मौनी अमावस्या की भीड़ को देखते हुए माघ मेला क्षेत्र में 45 प्रशासनिक अधिकारी और 15 पुलिस के अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा स्नाइपर्स और ब्लैक कमांडोज भी तैनात किए गए हैं। माघ मेला क्षेत्र में लगे कैमरों से निगरानी के लिए साइबर सेल की टीम भी पैनी नजर लगाए रही । संगम टावर से भी संगम क्षेत्र के प्रमुख घाटों पर संदिग्ध गतिविधियों पर निगाह रखी जा रही है। माघ मेला क्षेत्र में ट्रैफिक कंट्रोल और व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 7000 पुलिसकर्मी भी लगाए गए हैं।

9 स्थानों पर लगाए गए थे वॉच टावर

9 स्थानों पर लगाए गए वॉच टॉवर, 21 प्रवेश द्वार बनाए गए। जिलाधिकारी संजय खत्री ने बताया कि माघ मेला क्षेत्र को पांच सेक्टर्स में बांटा गया है। मौनी अमावस्या के लिए कुल नौ स्नान घाट तैयार किए गए हैं। माघ मेले में प्रवेश के लिए द्वारों की संख्या बढ़ाकर 16 से 21 कर दी गई है। हर स्नान घाट पर वॉच टॉवर तैयार किए गए हैं। 9 वॉचटॉवर से माघ मेला क्षेत्र में हर पल निगरानी हो रही है। स्नान घाटों पर महिलाओं को कपड़ा बदलने के लिए 150 चेंजिंग रूम भी बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र में आईसीसीसी में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। श्रद्धालु किसी भी प्रकार की पूछताछ टोल फ्री नंबर्स 18001805440 और 18001805350 कर सकते हैं।

जेल में बंद बीमारी से दो बंदियों की मौत

नैनी। केंद्रीय कारागार में बंद बीमारी के चलते सोमवार रात एक वृद्ध महिला समेत दो बंदियों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के महाजनी टोला निवासी कृष्णा (60) को किसी मामले में न्यायालय से 25 जनवरी 2022 को दो साल 11 माह कठोर कारावास और 74 हजार रुपए अर्थदंड की सजा हुई थी। बीते 18 जनवरी को उसे नैनी जेल से निरुद्ध किया गया था। सोमवार सुबह उसके सीने में अचानक दर्द होने पर उसे जेल से स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसी रात उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार शिवकुटी थाना क्षेत्र के पूरे गड़ेरिया मोहल्ला निवासी राजन (34) पुत्र भुग्गू लाल को हत्या के मामले में 19 सितंबर 2016 को नैनी जेल से निरुद्ध किया गया था। 23 जनवरी को उल्टी की शिकायत पर 24 जनवरी को उसे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेजा गया था, जहां इलाज के दौरान सोमवार रात उसकी मौत हो गई।

संगम क्षेत्र में स्नान कर रही महिलाओं के वीडियो बनाने वाले की हुई पिटाई

वीडियो बना रहे व्यक्ति के मोबाइल से मिले आपत्तिजनक 8 वीडियो

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। संगम वाच टॉवर के सामने स्नान घाट के पास मंगलवार सुबह एक व्यक्ति स्नान कर रही महिलाओं का वीडियो बना रहा था। उसकी हरकतों को देखकर सिविल डिफेंस के एक कर्मचारी ने उसे पकड़ लिया। उसके मोबाइल में कई वीडियो देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। श्रद्धालुओं ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। हंगामा मचाने पर पहुंची पुलिस ने भी उसे जमकर फटकार लगाई और गिरफ्तार कर लेती गई। सिविल डिफेंस के राजू ने बताया कि उनकी टीम संगम नोज पर लोगों को जागरूक कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति पुआल पर लेट कर मोबाइल से वीडियो बना रहा था। राजू ने देख कर उसे टोका तो वह बदसलूकी करने लगा। उसके मोबाइल में महिलाओं की नहाते वक्त की आठ वीडियो मिले। संगम पुलिस चौकी ने पूछताछ की तो पता चला अरुण कुमार वाराणसी का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अमावस्या तिथि पर स्नान-दान का है विशेष महत्व

प्रयागराज। एस्ट्रोलॉजिस्ट और आईकास, प्रयागराज चैप्टर अध्यक्ष डॉ. गीता त्रिपाठी कहती हैं कि शास्त्रों में अमावस्या की तिथि का विशेष महत्व बताया गया है। माघ मास की कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली अमावस्या की तिथि को मौनी अमावस्या के नाम से जाना जाता है। यह भी अमावस्या तिथियों में श्रेष्ठ और विशेष फलदायी है। किसी भी पवित्र नदी में स्नान करना अत्यंत शुभकारी माना गया गया है। इसे माघी अमावस्या भी कहा जाता है। यह सभी अमावस्या तिथियों में विशेष है व फलदायी है। इसदिन गंगा किनारे स्नान, दान का विशेष महत्व है।

भाजपा बूथ कमेटी की हुई बैठक

सहसों। भारतीय जनता पार्टी की बूथ स्तर की बैठक मंगलवार को मेंडुआ में किया गया। बैठक सेक्टर संयोजक नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सहसों मंडल महामंत्री संजय सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को घर घर जाकर भाजपा की नीतियों और उद्देश्यों को समझाने के लिए कहा। वहीं सहसों मंडल पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष अनिल जायसवाल ने घर घर प्रचार करके हर मतदाता को जागरूक करने और वोट देने के लिए अपने कार्यकताओं को प्रेरित किया। बैठक में मौजूद वरिष्ठ कार्यकर्ता राकेश मिश्रा ने भाजपा की जीत के लिए संगठन के हर कार्यकर्ता को सक्रिय रहने और चुनाव के दिन सौ प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सहसों मंडल मंत्री राज मणि शुक्ला, बूथ अध्यक्ष मेडुआ शशांक तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भगवान भोले नाथ की प्राण प्रतिष्ठा में महिलाओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा में निकली कलश शोभायात्रा

अखंड भारत संदेश

लालापुर। क्षेत्र के अश्वनीपुर गाँव में शिवमंदिर निर्माण संपन्न होने के बाद शिवलिंग स्थापित के लिए प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकाली गई। इस बीच गांव के दर्जनों लोग मौजूद रहे। लालापुर (अश्वनीपुर) गांव निवासी पूर्व आईजी राजेश पांडेय ने अपने पैतृक आवास पर विगत वर्ष शिव मंदिर का शिलान्यास किया था। मंदिर का निर्माण संपन्न होने के बाद मंगलवार के दिन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पूजन का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली गई। समारोह में आईपीएस राजेश पांडेय की आईएएस बेटी श्रेया पांडेय, बेटा आईएफएस अजय पांडेय, प्रधान शंकरलाल पांडेय, वीरेंद्र पांडेय,राजेन्द्र पांडेय, गणेश दत्त शुक्ल, आशीष मिश्र, शिवेंद्र, दीपक पांडेय,माखन पांडेय सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

पूरी तरह से लोक लुभावन चुनावी बजट : मनोज पांडेय

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सरकार का बजट पूरी तरह लोकलुभावन है। नौकरी पेशा, मध्यम वर्ग के लिए उक्त बजट कुछ भी नया नहीं है। 400 बंदे भारत ट्रेन संचालन की घोषणा भारतीय रेलवे के निजीकरण करने की तरफ बढ़ा हुआ कदम है। उक्त वक्तव्य कामरेड पांडेय ने देते हुए बताया कि यह बजट रेलवे कर्मचारियों को रेल यात्रा के दौरान पूर्व में मिलने वाली छूट और सुविधाओं की पूरी तरह से समाप्ति है। उन्होंने कहा रेलवे में किसानों और उधोग के कुशल लॉजिस्टिक्स करने की योजना के नाप पर रेलवे स्टेशन को पूंजीपतियों को सौपा जायेगा,। सरकार को एनपीएस समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करना चाहिए और अगर एनपीएस इतनी ही अच्छी है, तो सांसद, विधायकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ क्यों दिया जा रहा है। पांडेय ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को भी एनपीएस के दायरे में लाना चाहिए। सरकार ने कर्मचारी का नहीं, उसे निजी संस्था का फायदा किया है, जिसमें एनपीएस की राशि जमा कराई जा रही है। यह राशि कर्मचारी को वापस मिलेगी भी या नहीं। अभी नही कहा जा सकता है। इस योजना में अभी तक 10 प्रतिशत राशि कर्मचारी और 14 प्रतिशत राशि सरकार मिलाती है। आगे बताया कि केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के हिस्से की राशि चार प्रतिशत की वृद्धि कर सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन में वृद्धि का रास्ता साफ जरूर किया है, सरकार को पेंशन में वृद्धि करनी थी तो अपने हिस्से की राशि में वृद्धि करती। यह तो हम से काटकर हम ही को देने की बात हो गई है। जिस तरह ग्राम पंचायत प्रधानों को तथा पंचायत प्रतिनिधियों को मानदेय बढ़ाने के नाम पर वाहवाही लूटी सरकार ने,अलग से बजट नहीं दिया,सिर्फ ग्राम की सीमित निधियों में से मानदेय लेने की व्यवस्था की। पंचायतें चाहे विकास में कटौती करके मानदेय कर्मियों को दें,चाहे न लें। लेकिन मानदेय की राशियां अलग से से सीधे उनके खातों में जाए तो लाभ भी मिले और विकास भी पंचायतें करें।

किसानों की निगाह बजट पर रहा टिका, मन में उत्साह

सहसों। देश की बड़ी संसद में नई बजट को पेश करते हुए भारत सरकार के वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में किसानों के लिए बड़ी घोषणा की है। जिससे किसानों में मिट्टी के स्वास्थ्य एवं उपज को लेकर काफी उम्मीदे हैं। सरकार ने बजट में एम एस पी को अब सीधे किसानों के खाते में भेजने, इस सत्र में 163 लाख किसानों से 1208 मीट्रिक टन गेहूं और धान खरीदने की घोषणा से किसानो में खासा उत्साह है। क्षेत्र के उमरी गांव के प्रगतिशील किसान अभय सिंह व सिंगरामऊ गांव के बीरू पाण्डेय ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा कीटनाशक मुक्त खेती को बढ़ावा देने, फर्टिलाइजर्स और कृषि यंत्रों पर सब्सिडी बढ़ाने, यूरिया और डीएपी की उपलब्धता बढ़ाना आदि सराहनीय है। चिरौड़ा गांव के किसान डा श्याम लाल यादव ने कहा सिंचाई के लिए बिजली बिल सस्ता करने की उम्मीद के साथ रसायन युक्त फर्टिलाइजर का प्रयोग कम करने तथा कार्बनिक खेती पर जोर देने से मिट्टी का स्वास्थ्य तथा अनाज उत्पादन में निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगी। इसी तरह क्षेत्र के किसान हरि प्रताप पटेल तथा सेवानिवृत्त प्रवक्ता बनवारी लाल पटेल,शिव नारायण सिंह,विजय भारतीय, तीर्थ राज सिंह, राम सिंह, राजकिशोर पाल आदि ने कृषि के क्षेत्र में बजट के प्रावधानों की सराहना की तथा कहा किसानों की प्रगति तथा उन्नति के लिए यह बजट लाभकारी सिद्ध होगा।

किसान बनवारी लाल पटेल।

किसान वीरू पांडे।

किसान अभय सिंह

करछना में अधिगृहित कचरी पावर प्लांट की भूमि पर किया जा रहा है अवैध खनन

अखंड भारत संदेश

प्रशासन मौन, अब तक सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी का खनन कर लिया गया है

करछना। तहसील क्षेत्र के कचरी पावर प्लांट की भूमि पर चोरी से कुछ दंबग लोग सैकड़ों टैंक्टर मिट्टी का खनन कर लिया है लेकिन प्रशासन पूरी तरह से मौन हैं । सूत्रों के मुताबिक मिली जानकारी के अनुसार करछना थाना क्षेत्र के भीरपुर पुलिस रिपोटिग चौकी के अंतर्गत कचरी में पावर प्लांट केलिए सरकार द्वारा अधिगृहित की गयी जमीन से आस पास के कुछ दंबग किस्म के लोगों द्वारा रात को पावर प्लांट की भूमि से जेसीवी की मदद से मिट्टी का खनन कर लिया है, जिसकी जानकारी गांव वालों को लगी तों चर्चा का विषय बना हुआ है, सूत्रों के हवाले मिली खबर के अनुसार सैकड़ों ट्राली मिट्टी अधिगृहित जमीन पर से खनन माफिया अब तक निकाल लिया है, वही स्थानीय प्रशासन को खबर तक नहीं हुई ।जो चर्चा का विषय बना हुआ है । और चोरी छुपे अबैध खनन रात को किया जा रहा है स्थानीय लोगों नें प्रशासन को इस ओर ध्यान केंद्रित किए जाने की मांग की है।

राजनैतिक मठाधीशों के दांव-पेंच में रानीगंज में भाजपा व विश्वनाथगंज में सपा से प्रत्याशी घोषित नहीं

अखंड भारत संदेश

अपना दल ने भी नहीं खोले पत्ते, नामांकन प्रक्रिया शुरू

प्रो0 शिवाकांत ओझा।

डा0 आरके वर्मा।

प्रतापगढ़। राजनैतिक मठाधीशों के दांव-पेंच के चलते भाजपा रानीगंज सीट पर तथा समाजवादी पार्टी विश्वनाथगंज की सीट पर प्रत्याशी नहीं घोषित कर पा रही है। राजनैतिक समीक्षकों की मानें तो वरिष्ठ नेताओं के दल बदलने से स्थिति पेचीदा हो गई है।

रानीगंज सीट पर विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने दावा ठोंका था। इसी बीच पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा के भाजपा में शामिल हो जाने से अब दोनों के बीच में टिकट के लिये रस्साकशी चल रही है। शिवाकांत ओझा वरिष्ठ नेता हैं। भाजपा में उनका दुबारा आना कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा है। बहरहाल इन दोनों के रस्साकशी में कुछ और दावेदार भी लखनऊ व दिल्ली की दौड़ लगाए हुए हैं। यही हाल विश्वनाथगंज सीट पर है। यहां के विधायक डा0 आरके वर्मा अपना दल (एस) से इस्तीफा देकर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये हैं। इस सीट पर पहले से दावेदार संजय पाण्डेय भी अपना दावा ठोंक रहे हैं। यद्यपि कि पार्टियों में शामिल होने पर नेताओं को टिकट का आश्वासन मिला था और उनके समर्थकों ने खुशी भी जाहिर की थी लेकिन लखनऊ व दिल्ली में आपसी द्वन्द को अभी तक नेतृत्व सुधार नहीं पाया है। वास्तव में पार्टी टिकट वितरण के बाद किसी अन्तर्विरोध को बचाना चाह रही है। यही कारण है कि वह अभी तक टिकट घोषित नहीं कर पाई है।

यद्यपि कि नेता अपने समर्थकों को टिकट पक्का होने की खबर भेज रहे हैं लेकिन जब तक टिकट घोषित नहीं हो जाता, तब तक स्थिति साफ नहीं होगी। भाजपा व समाजवादी पार्टी के स्थानीय पदाधिकारी एक-दो दिन में स्थिति साफ होने की बात कर रहे हैं। आज से अफीम कोठी में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। यद्यपि कि पहले दिन केवल नामांकन फार्म बिके हैं। अन्य दलों के घोषित प्रत्याशी अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिये हैं लेकिन रानीगंज व विश्वनाथगंज में टिकट की स्थिति साफ न होने से लोगों में चर्चा है। टिकट बंटवारे में बहुजन समाज पार्टी पर सातों सीट पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं जिसमें रामपुर खास से बांकेलाल पटेल, बाबागंज सुरक्षित से सुशील कुमार गौतम, कुण्डा से मोहम्मद फहीम उर्फ पप्पू भाई, विश्वनाथगंज से पूर्व विधायक संजय त्रिपाठी, प्रतापगढ़ सदर से आशुतोष त्रिपाठी, पट्टी से फूलचंद्र मिश्रा व रानीगंज से अजय यादव प्रत्याशी बने हैं। कांग्रेस भी अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। रामपुर खास से विधायक आराधना मिश्रा, सदर से डा0 नीरज त्रिपाठी, पट्टी से सुनीता पटेल, रानीगंज से अब्दुल वाहिद प्रमुख रुप से शामिल हैं।

भयहरणनाथ धाम में मतदाता मेला का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

निष्पक्ष मतदान हेतु किया गया प्रेरित

भयहरणनाथ धाम में आयोजित मतदाता मेला में मौजूद अतिथिगण।

प्रतापगढ़। प्रसिद्ध पांडवकालीन भयहरणनाथ धाम में परम्परागत मंगलवार मेले को प्रबन्ध समिति ने मतदाता मेला के रुप मे आयोजित किया। सदस्यों द्वारा सभी दुकानदारों सहित श्रद्धालु, भक्तों को आगामी 27 फरवरी को विधान सभा चुनाव मे निष्पक्ष मतदान करके देश व प्रदेश के विकास मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई।

आगामी 8 फरवरी, 15 फरवरी व 22 फरवरी को मंगलवार मेले मे मतदाताओ को जागरुक करने के साथ साथ निष्पक्ष मतदान की अपील होती रहेगी। भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान के महासचिव समाज शेखर के मार्गदर्शन मे सचिव संगठन राज किशोर मिश्र व विधि परामर्शी रमा शंकर मिश्र तथा कार्यालय प्रभारी सच्चिदानन्द पांडेय के संयोजन मे मतदाताओ को जागरुक करने हेतु विविध प्रयास किये गए। इस अवसर पर धाम मे आने वाले दर्शनार्थियो व श्रद्धालु भक्तों से सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या मे अपने अपने ग्राम के मतदाताओं की सहभागिता कराने की अपील की। साथ जी बिना भय, लोभ व लालच के निष्पक्ष मतदान करने में सभी की भागीदारी तय कराई जाए जिससे जनाकांक्षा के अनुरूप सरकार बन सके।

देशभक्तिपूर्ण प्रतियोगिताओं में इंटर कालेज कटैया के बच्चों ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में हिस्सा लेते इंटर कालेज कटैया के बच्चे।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारत की आजादी के 75वें वर्ष में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित ऑनलाइन रंगोली, देशभक्ति व लोरी लेखन प्रतियोगिता में क्षेत्र के शंकर विद्यालय इंटर कॉलेज कटैया के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य डॉ.राघवेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व और कला अध्यापक संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में विद्यालय परिसर में ममता विश्वकर्मा, गुंजन वर्मा, सोनिका, जाह्नवी, संयोगिता विश्वकर्मा ने रंग बिरंगी आकर्षक रंगोली बनाकर तथा तनुवी विश्वकर्मा दिशा सिंह, लक्ष्मी कोरी, रक्षा सोनी ने गीत और लोरी लिखकर देशप्रेम का संदेश दिया। मोबाइल से वेब पोर्टल पर अपनी रचनायें भेजकर प्रधानाचार्य, शिक्षकों और बच्चों ने प्रतिभागिता किया। इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह, आलोक सिंह, संजय श्रीवास्तव, दिनेश चैधरी, जितेंद्र शर्मा, धनराज, विजय, विमला, गजेंद्र, घनश्याम, तुलसीराम आदि स्टाफ तथा अभिभावकों ने उपस्थित रहकर प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

काफिले को 100 मीटर परिधि के भीतर आने की अनुमति नहीं : जिला निर्वाचन अधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन स्थल का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

नामांकन स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की आज से प्रारम्भ हो रही नामांकन प्रक्रिया को सकुशल, शांतिपूर्ण, शुचिता एवं निष्पक्षता से सम्पादित कराये जाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने नामांकन स्थल पर बने कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया और कन्ट्रोल रूम पर एक मजिस्टेज्ट उपस्थित रहकर नामांकन की व्यवस्था पर निरन्तर मानीटरिंग करने का निर्देश दिया। आर0ओ0 के नामांकन कक्ष में आवश्यकता से अधिक कर्मचारी लगाये जाने पर मुख्य राजस्व अधिकारी को निर्देश दिया गया कि आवश्यकता से अधिक लगे हुये कर्मचारियों को हटाकर अन्यत्र ड्यूटी लगायी जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन हेतु आने वाले प्रत्याशियों/उम्मदीवारों से अपील करते हुये कहा है कि प्रत्याशी कोविड गाइडलाइन तथा आदर्श आचार चुनाव संहिता का शत प्रतिशत अनुपालन करें। उन्होने कहा है कि आयोग के निदेशानुसार उम्मीदवारों के साथ आने वाले वाहनों एवं काफिले को 100 मीटर की परिधि के भीतर आने की अनुमति नहीं होगी। नामांकन कक्ष में उम्मीदवार के साथ 02 अन्य व्यक्ति (उम्मीदवार सहित कुल 03 कोविड प्रोटोकॉल के दृष्टिगत) ही नामांकन कक्ष में प्रवेश कर सकते है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान रोड शो, पद-यात्रा, साइकिल/बाइक/वाहन रैली तथा जुलूस प्रतिबन्धित रहेगा। उन्होने नामांकन स्थल पर बने वैरियर का भी निरीक्षण किया तथा वैरियर पर लगे पुलिस अधिकारियां को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के नामांकन स्थलों पर किसी भी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी/उम्मीदवार द्वारा नामांकन नही किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

विधान परिषद के निर्वाचक नामावलियों के प्रकाशन का कार्यक्रम जारी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार शुक्ल ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रतापगढ़ स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के प्रकाशन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उन्होने बताया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रतापगढ़ स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया है जिसकी प्रति सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय एवं सभी मतदान केन्द्रों पर चस्पा करायी गयी है। मतदाता सूची के सम्बन्ध में आपत्ति दाखिल का समय 08 फरवरी तक है। आपत्तियों का निस्तारण 11 फरवरी को किया जायेगा तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन भी 11 फरवरी को कर दिया जायेगा। उन्होने बताया है कि 18 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं जिनमें कार्यालय जिला पंचायत प्रतापगढ़ सहित समस्त क्षेत्र पंचायत कार्यालय मतदान केन्द्र हैं।

नामांकन प्रक्रिया को सकुशल कराने के लिये मजिस्टेज्टों की हुई तैनाती

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला मजिस्टेज्ट ने नामांकन प्रक्रिया को सकुशल, शांतिपूर्ण, शुचिता व निष्पक्षता से सम्पादित कराये जाने के उद्देश्य से कार्यपालक मजिस्टेज्टों को नामित कर दिया है। उन्होने नामांकन स्थल अफीम कोठी के उत्तरी दिशा में कटरा-प्रतापगढ़ मार्ग पर लगे बैरियर के पास उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया, नामांकन स्थल अफीम कोठी के दक्षिणी दिशा में प्रतापगढ़-कटरा मार्ग पर लगे बैरियर के पास जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एस0एन0 तिवारी, नामांकन स्थल अफीम कोठी के मुख्य द्वार पर बी0के0 प्रसाद उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सदर व डीसी मनरेगा इन्द्रमणि तिवारी, नामांकन स्थल अफीम कोठी के सम्पूर्ण परिसर हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार व जिला कृषि अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह तथा विकास भवन से सगरा मार्ग पर लगे बैरियर के पास श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेन्द्र सिंह को तैनात किया है।

अक्षय प्रताप जनसत्ता दल से एमएलसी प्रत्याशी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने प्रतापगढ़ में एमएलसी चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित किया। अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल को जनसत्ता दल ने प्रतापगढ़ से एमएलसी चुनाव का टिकट दिया। बता दें कि अक्षय प्रताप उर्फ गोपाल कुंडा विधायक राजा भैया के करीबी व रिश्तेदार हैं। अब तक सपा से वह एमएलसी थे। एमएलसी चुनाव को लेकर जिले में सियासत गर्म हो गई है।

डीआरएम ने चाय की चुस्की ली और निकल लिये

प्रतापगढ़ स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। लखनऊ के मंडलीय रेल प्रबंधक एसके सपरा की स्पेशल ट्रेन मंगलवार को स्थानीय स्टेशन पर रुकी तो हड़कंप सा मच गया। हालांकि वे ट्रेन से उतरे नहीं। चाय की चुस्की लिये और सुल्तानपुर की ओर निकल गये। डीआरएम स्पेशल ट्रेन से प्रयागघाट से सुल्तानपुर जा रहे थे। प्रतापगढ़ में उनका प्रोग्राम नहीं था। लेकिन अचानक से ट्रेन रुकी तो स्टेशन पर हड़कंप मच गया। लोगों की निगाहें डीआरएम कोच पर लगी थी। उतरेंगे तो चेक करेंगे.. सफाई भी नहीं है। तैयारी को लेकर हर कोई चिंतित दिखा। डीआरएम ने उन सभी को रिलैक्स किया। बिना उतरे चाय पी और चले गये। हालांकि भनक लगते ही सुपरवाइजर भरत यादव सफाई की टीम के साथ डटे थे। परिसर को सिनेटाइज करवाया जा रहा था। एसएस एसके यादव ने बताया कि डीआरएम की ट्रेन रुकी जरूरी लेकिन वे उतरे नहीं। यात्रियों का कहना है कि अगर डीआरएम गुजर ही रहे थे तो उतर जाते। स्टेशन की सुविधाओ की हकीकत तो देख लेते। रमेश गुप्ता का कहना था कि पहले से बताकर आने पर सच्चाई नहीं दिखती है।

अधिवक्ता के पिता के निधन पर जताया गया शोक

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय तहसील परिसर मे मंगलवार को वकीलों की हुई सभा मे साथी अधिवक्ता एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय के पिता रामशिरोमणि पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा मे साथी अधिवक्ता के पिता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए फुल कोर्ट रिफ्रेंस ऑनर का प्रस्ताव पारित हुआ। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राममोहन सिंह व संचालन महामंत्री प्रवीण यादव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश तिवारी, अनिल महेश, प्रदीप सिंह, सिंटू मिश्र, विनय शुक्ल, विवेक शुक्ला, मनीष तिवारी, सुमित वत्सल, हरिशंकर द्विवेदी, विकास मिश्र, सुधाकर मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, देवी प्रसाद मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय, सतेश सिंह, प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, दिनेश मिश्र, अबरार खान, शहजाद अंसारी आदि ने रामशिरोमणि के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इधर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी अमावां गांव पहुंचकर अधिवक्ता संतोष के पिता के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी।

ऐठू पंचायत भवन का ताला तोड़कर उपकरण चोरी

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना क्षेत्र के ऐठू पंचायत भवन में सोमवार की बीती रात अज्ञात चोर पंचायत भवन में बने कमरे का ताला तोड़कर लाखो रुपये के कीमती कम्प्यूटर सीसीटीवी सेट इन्वर्टर बैटरा चुरा ले गए। सुबह जब लोगो की नजर कमरे के दरवाजे पर पड़ी तो देखा ताला टूटा दरवाजा खुला पड़ा है आसपास के लोगो मे हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने फोन पर ग्राम प्रधान केशा देबी पत्नी शिवराज मौर्य को दी मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान पति ने घटना की जानकारी ग्राम विकास अधिकारी अजीत कुमार पटेल को दी। चोरी गईं सामान की कीमत लगभग 70-80 हजार रुपया बताया जा रहा है। घटना की तहरीर ग्राम प्रधान पति केशा देबी व ग्राम विकास अधिकारी अजीत कुमार पटेल ने पुलिस को दी जिसमे बताया गया है कि शासन के निर्देश पर पंचायत भवन को मिनी सचिवालय बनाने के लिए पंचायत भवन को सोमवार की शाम लगभग 5 बजे सभी उपकरणों से कम्प्यूटर सेट को लैस किया गया जिसमे डेस्क टाप, कम्प्यूटर सेट, यू0पी0एस0, प्रिंटर, इन्वर्टर, बैटरा, सीसीटीवी कैमरा सेट, 12 फाइवर कुर्सी, एक ऑफिश कुर्सी रखी थी जिसे उसी रात को अज्ञात चोर पंचायत भवन का ताला तोड़कर चुरा ले गए। उधर विकास खंड कालाकांकर की ग्राम पंचायत परियावां व ऐठू के पंचायत भवन में रविवार व सोमवार की बीती रात अज्ञात कमरे का ताला तोड़कर कीमती व महंगे उपकरण चोरी हो जाना लोगो के गले नहीं उतर रही है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के ऐठू व नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां पंचायत भवन में चोरी की घटना ग्राम प्रधान केशा देवी व बबिता मौर्य ने पुलिस को चोरी की तहरीर दी।

सीडब्ल्यूसी मेंबर ने मोदी सरकार के सालाना बजट को बताया निराशाजनक

रोजगार घटाने और विकास से विनाश की ओर है केन्द्रीय बजट : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार के सालाना केन्द्रीय बजट को गरीब तथा महिला व किसान एवं युवा विरोधी बजट ठहराते हुए इसे जुमलेबाज सरकार का जुमलेबाजी भरा थोथा बजट करार दिया है।

सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट रोजगार घटाने और मंहगाई बढ़ाने के साथ विकास से विनाश की ओर ले चलने वाला निराशाजनक बजट है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ख्यातिप्राप्त संसदीय मामलों के विशेषज्ञ प्रमोद तिवारी ने कहा कि बजट मे मांग तथा निवेश व रोजगार के क्षेत्र मे मोदी सरकार ने जबाबदेही से जिस तरह से पल्ला झाड़ा है।

उससे यह साफ है कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत यह बजट मोदी सरकार के आम आदमी के लिए छल छद्म और विश्वासघात के बीच यह बजट देश को निराशाजनक दौर मे खड़ा रखने का मात्र घोषणा पत्र ही बनकर जनता की तकलीफों व दुख दर्द को जख्म भरे हालात पर निराश्रित छोड़ गया है। मंगलवार को स्थानीय कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता मे मीडिया से प्रतिक्रिया के दौरान प्रमोद तिवारी ने कहा कि कोरोना जैसी राष्ट्रीय महामारी से जूझ रहे देश का राष्ट्रीय बजट स्वास्थ्य सेक्टर मे भी प्रबन्धन को शून्य दशार्ने वाला बजट साबित हुआ है। उन्होने कहा कि कोरोना राष्ट्रीय महामारी है और यह कहकर कि छोटे अस्पतालों के निर्माण तथा वहां दवाओं का प्रबंधन केंद्र का नही बल्कि राज्य का विषय है।

हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

परियावां, प्रतापगढ़। मौनी अमावस्या के पावन पर मंगलवार को कालाकांकर के पवित्र गंगाजल में हजारों की संख्या में ठंड व कोहरा की परवाह न करते हुए गंगा में डुबकी लगाई और पूजन अर्चन कर परिवार के सुख सम्रद्धि की कामना मां गंगा से किया इस कड़ाके की ठंड के बीच नवाबगंज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह अपने दल बल के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लगे रहे। दोपहर तक स्नान का पर्व चलता रहा।

किसानों ने वादा खिलाफी पर सरकार को घेरा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुये किसानों ने सरकार को घेरा है। प्रतापगढ़ में भारतीय किसान यूनियन टिकैत अराजनैतिक ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा है। जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी और महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष केतकी सिंह की अगुआई में मंगलवार को दिये गये ज्ञापन में किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, लखीमपुर खीरी में किसानों को कुचलने वाले आरोपी के पिता मंत्री को बर्खास्त करने और किसान नीतियों को जल्द लागू करने की मांग की गई है। केतकी सिंह ने कहा कि मारे गये किसानों को मुआवजा दिया जाय। सरकार मांग नहीं मानती है तो किसान यूनियन फिर से सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगी। इस मौके पर त्रिपुरारी, धर्मराज, राहुल रक्षक समेत कई किसान नेता मौजूद थे।

पुलिस द्वारा दूसरी बार पाबन्द होने पर होगी रिकवरी

परियावां, प्रतापगढ़। न्यायालय के निर्देश का पालन करते हुए उप जिलाधिकारी कुंडा ने आदेश जारी किया है कि किसी भी व्यक्ति का धारा 151 या 107/16 सीआरपीसी के तहत पाबन्द किया गया है। यदि वही व्यक्ति दूसरी बाद फिर पाबन्द किया जाता है तो उससे रिकवरी की जाएगी, जिसमें नवाबगंज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह ने थाना क्षेत्र के रायपुर समसपुर निवासी दिनेश कुमार व अवधेश पुत्र गण राम सजीवन,बलराज गौतम उर्फ पिन्टू पुत्र श्यामलाल निवासी छाछामऊ को दूसरी बार पाबन्द किये जाने पर उप जिलाधिकारी कुंडा ने रिकवरी का आदेश जारी किया। रिकवरी की इस कार्रवाई से पाबन्द किये गए लोगो में हड़कम्प मचा हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि धारा 151 व 107/16 में पाबन्द किये गए लोग छह माह के प्रतिबंधित किये जाते है यदि उसी बीच कोई भी व्यक्ति दुबारा पाबन्द किया जाता है तो उससे रिकवरी की जाएगी जैसा कि थाना क्षेत्र के तीन लोगों के खिलाफ रिकवरी की कार्रवाई की उप जिलाधिकारी के आदेश पर की गई है।

तमंचा के साथ अर्न्तजनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

पुलिस की गिरफ्त में जिला बदर अभियुक्त।

प्रतापगढ़/बिहारगंज। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में थाना हथिगवां से उ0नि0 ज्ञानेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर धीमी के पास से थाना हथिगवां पर पंजीकृत मु0अ0सं0 19/22 धारा 457, 380, 411 भादवि व जनपद प्रयागराज के थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 33/22 धारा 457, 380 भादवि से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त राम किशोर सरोज उर्फ किशोर सरोज पुत्र भुल्लर नि0 टीका राम का पुरवा, भदरी थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 26/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

उधर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के थाना अन्तू से उ0नि0 कमलेश कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा एक जिला बदर अभियुक्त संतोष दुबे पुत्र विजय बहादुर नि0 चैखड़, पूरे अन्ती थाना अन्तू जिसे न्यायालय द्वारा 27 नवम्बर 2021 से छह माह के लिये जिला बदर किया गया था लेकिन न्यायालय का आदेश न मानने व घर पर ही रहने के कारण अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-38/2022 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डागर्दी नियंत्रण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

खबर संक्षेप

तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र बच्चा लाल निवासी उरई असरफपुर थाना कौशाम्बी को एक अदद तमचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

देसी बम के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुखलाल पुत्र राम किशोर मलाक मोहिउद्दीनपुर थाना चरवा को तीन अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

गाजा के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मो० आशिक उर्फ पप्पू पुत्र रईश अहमद निवासी चकनगर कस्बा व थाना मंझनपुर को 01 किलोग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

गला घोटकर महिला की हत्या

कोखराज थाना क्षेत्र के गंगा नदी के किनारे मिली महिला की लाश

घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशाम्बी। गला घोट कर एक महिला की हत्या करने के बाद लाश को गंगा नदी किनारे कोखराज थाना क्षेत्र में फेंक दिया गया है खेत में जानवर चराने गए चरवाहों ने महिला की लाश देखी है लाश मिलने की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के तमाम लोगों की भीड़ जुट गई है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर स्थानीय थाना पुलिस पहुंची है और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है खबर लिखे जाने तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकती है महिला की उम्र लगभग 42 वर्ष बताई जाती है कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी गंगा पुल के नीचे एक महिला की लाश को वहाँ पर जानवर चरा रहे चरवाहों ने मंगलवार की सुबह देखा तो वह सन्न रह गया वही अज्ञात महिला की लाश मिलते ही लोगों की मौके पर भीड़ लग गयी किसी ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लाश को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया है लेकिन था काफी प्रयास के बाद भी महिला की लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है इसके पहले भी कोखराज चरवा थाना क्षेत्र में कई अज्ञात लाश मिल चुकी हैं जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

महिला की मौत की जानकारी पर लगी मौके पर भीड़

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फंदे पर मिला शव

कौशाम्बी। सैनी थाना क्षेत्र के खोजकी मई गांव की चित्रा उर्फ मोहिनी उम्र 22 वर्ष पत्नी जितेंद्र कुमार मौर्य की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी है शव फंदे पर लटकता बताया जाता है परिजनों को सूचना होने पर मौके पर परिजन पहुंचे और सैनी कोतवाली को सूचना दी गई मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए मोहिनी देवी की शादी वर्ष 2020 में हुई थी। थाना करारी क्षेत्र के उखैया खास डीहेपर निवासी चंद्रिका प्रसाद मौर्य की पुत्री मोहिनी देवी की शादी 2020 में सैनी थाना क्षेत्र के खोजकी मई गांव निवासी जितेंद्र कुमार मौर्य के साथ हुई थी मंगलवार की सुबह 9:00 बजे मोबाइल द्वारा सूचना मिली कि मोहिनी देवी की फांसी के फंदे में लटकता शव देखा गया है मौके की नजाकत को देखते हुए ऐसा प्रतीत हुआ कि फांसी लगाकर विवाहिता को लटका दिया गया स्पष्ट रूप से कहा नहीं जा सकता।

न्यूज झरोखा

ठेकेदार मानक विहीन लगवा रहा है इंटर लॉकिंग

अझुवा कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नबर 2 अंबडकर नगर दलित बस्ती में ठेकेदार द्वारा मानक विहीन इंटरलॉकिंग का कार्य करवाया जा रहा है मोहल्ले के नागरिकों ने बताया जिम्मेदार ठेकेदार राजनीतिज्ञ को भी अपशब्दों का प्रयोग करता है कहता है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 दलित बस्ती में इंटरलॉकिंग का कार्य ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है जिसमें नालियों में पटशेम ईट बिछाकर मसाला मानक विहीन और तो और इंटरलॉकिंग लगाने के पहले गिट्टी आदि डालकर जमीन बराबर किया जाता है लेकिन दबंग ठेकेदार केवल मिट्टी डलवाकर ऊपर से इंटरलॉकिंग ईंट बिछा रहा है लोगों के विरोध करने पर तरह-तरह की धमकी भी ठेकेदार देता है मोहल्ले वासियों ने जिम्मेदार अधिकारियों से जांच कर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

शराब के साथ नौ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध 9 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर 120 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर गिरफ्तार अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया गया है जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रिंकू पुत्र नरेश निवासी गौरा रोड भरवारी थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व विष्णु पुत्र बद्री निवासी सिंधिया थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब व पंकज कुशवाहा पुत्र रमेश चन्द्र कुशवाहा निवासी सरूलपुर गिरसा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब व नरेश पुत्र महादेव निवासी बिदनपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नरेन्द्र कुमार पुत्र अनारेलाल निवासी मोहिउद्दीनपुर बेला थाना मझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मोनू सरोज पुत्र स्व0 राम सजीवन निवासी कोटिया थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व राजेश कुमरा पुत्र भैयालाल निवासी तिल्हापुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राकेश पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी रामपुर धमावां थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कडाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुलाब पुत्र रामेश्वर निवासी भीटापर रसीदमई थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

विधानसभा चुनाव के 34 नामांकन पत्र बिके

कौशाम्बी। विधानसभा सामान्य निवार्चन-2022 के पचवें चरण के नामांकन के पहले दिन मंगलवार को विभिन्न राजनैतिक दलों सहित अन्य लोगों के द्वारा तीनों विधानसभाओं को मिलाकर कुल 34 नामांकन पत्र खरीदे गये जिसमें 251-सिराथू विधानसभा क्षेत्र के 11 व 252-मंझनपुर (सुरक्षित) विधानसभा से 11 तथा 253-चायल विधानसभा से 12 नामांकन पत्र सम्मिलित है जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। सिराथू से बीजेपी आम आदमी पार्टी सहित अन्य जबकि मंझनपुर विधानसभा से सपा बसपा कांग्रेस सहित अन्य तथा चायल से अपना दल व बसपा सहित अन्य लोगों ने पर्चा खरीदा।

जन संपर्क करते प्रत्याशी सुशील जयहिंद

नेताओं की आर्थिक डील क्या गरीबों को दिला पाएगी न्याय : सुशील जयहिंद

कौशाम्बी। जय जवान जय किसान मंच के संयोजक समर्थ किसान पार्टी के चायल उम्मीदवार सुशील जय हिंद ने मंगलवार को बसुहार पूरे घासीराम कटनी और बेर गांव में जनसंपर्क किया और लोगों को बताया कि जो राष्ट्रीय पार्टी के नेता लोग हैं वह करोड़ों रुपए लेकर प्रत्याशी तय करके आपके बीच में भेज रहे हैं वह प्रत्याशी कभी भी आप का भला नहीं कर सकता है इन मौकापरस्त नेताओं को मुंहतोड़ जवाब देना होगा और गरीबों को न्याय दिलाने के लिए ईमानदार लोगों को आगे आना होगा उन्होंने कहा कि गरीबों को न्याय दिलाने के लिए हम सदैव तैयार रहें हम किसान के बेटे हैं किसानों के लिए सदैव तैयार रहते हैं बड़े-बड़े माफिया बड़े बड़े पैसे वाले लोग कभी भी गरीबों की बात नहीं सुन पाएंगे ना गरीबों की बात कर पाएंगे उन्होंने कहा कि आइए कुछ नया करें देश को बचाएं समाज को बचाएं कोविड के नियम को ध्यान में रखते हुए आज जय जवान जय किसान की टीम ने किसानों के बीच में जनसमर्थन जुटाने का प्रयास किया और विश्वास दिया कि आपके सुख दुख में हम सदैव खड़े रहेंगे आज की टीम में लवकुश पाल त्रिपुरारी पाल हर्ष त्रिपाठी मनजीत बब्बू अंकित चौहान आदित्य चौहान सुनील यादव अघोरी नरेश चौहान अमित सिंह जनवरी अन्य लोग मौजूद रहे।

एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री मोदी की दिखाई जाएगी वर्चुअल रैली : अरुण अग्रवाल

विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने कहा कि एक हजार भीड़ के साथ एलईडी स्क्रीन पर पीएम की रैली सुन सकेंगे लोग

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। योगी आदित्यनाथ की सरकार और केंद्र की मोदी सरकार के उपब्धियों का बखान सिराथू विधान सभा के लोग कई जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्बोधित रैली को वर्चुवल माध्यम से कई जगह लोग सुन सकेंगे आज भारतीय जनता पार्टी चुनाव कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर सिराथू विधान सभा प्रभारी अरुण अग्रवाल और विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने उक्त जानकारी दी है शीतला प्रसाद पटेल ने बताया कि 2 फरवरी को सैनी कृषि मैदान में 1 हजार लोगों के साथ प्रधानमंत्री मोदी की वर्चुवल रैली का कार्यक्रम रखा गया है चुनाव आयोग के निदेर्शों का पालन करते हुए कई जगह रैली की जा सकती है 3 फरवरी को सिराथू के विधानसभा प्रत्यासी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का नामांकन होगा पांचवे चरण में चुनाव है केशव प्रसाद मौर्य स्टार चुनाव प्रचारक बनाये गए हैं इस अवसर पर सरकार द्वारा करवाये गए तमाम योजनाओं का बखान किया गया है डार्क जोन में सिराथू विधान सभा मे नहर में पानी हो विद्युत ब्यवस्था सडकों का जाल चौड़ीकरण रेलवे ओवरब्रिज रेलवे अंडर पास,ऑक्सीजन प्लांट सहित किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री आवास सौभाग्य योजनाओं सहित अनेक जन उपयोगी योजनाओं का लाभ मिला है योजनाओं के विकास की जानकारी वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा जन जन तक पहुंचाई जाएगी प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन को लोग सुन सके इसके लिए भाजपा ने तैयारी शुरू की है।

वर्चुअल संवाद की जानकारी देते विधायक शीतला प्रसाद पटेल

केन्द्रीय बजट में देश के मध्यम वर्गीय परिवारों के हितों की हुई अनदेखी : वेद प्रकाश

कांग्रेसी नेता ने बजट को बताया विकास विरोधी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मौजूद समय में भारतीय जनता पार्टी नीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में चल रही सरकार के द्वारा जो केंद्रीय बजट 2022-23 लाया गया है वह पूरी तरह से आम लोगों के हितों के खिलाफ है। इस पूरे बजट में महंगाई रोकने का कोई भी व्यवस्था नहीं की गई यही नहीं इस पूरे बजट में मूलभूत आवश्यकता वाली सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी जैसी मदो से पैसा काट कर उसे बड़े व्यापारिक घरानों को लाभ पहुंचाने में लगा दिया गया है। पूरे बजट में सरकार के द्वारा इनके सबसे प्रचारित मेक इन इंडिया प्रोग्राम का कोई भी उल्लेख नहीं है जो साबित करता है कि यह सरकार की तरह पूरा बजट भी फेल है। उक्त बातें कांग्रेसी नेता वेद प्रकाश सत्यार्थी ने बजट को आम लोगों का विरोधी विकास विरोधी बताते हुए कही।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरे बजट में मेक इन इंडिया प्रोग्राम का अंतिम संस्कार कर दिया है जो यह दशार्ता है कि सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। यही नहीं इस बजट में देश के इन्फ्राट्रक्चर से जुड़ी योजनाओं में भी कटौती कराई है। जिससे देश में शिक्षा सड़क बिजली पानी और रोजगार की किल्लत आने वाले समय में होगी। पूरा बजट सिर्फ सरकार के महिमामंडन में खत्म कर दिया गया है बजट में देश के विकास की गंभीरता को कमजोर करने का प्रयास किया गया है। बजट से देश में महंगाई बढ़ेगी सरकार द्वारा इसे रोकने के लिए कोई कठोर कदम बजट में नहीं उठाया है यही नहीं सरकार ने बैंक से मिलने वाले ऋणों को कम ना करके यह साबित किया है कि वह देश में औद्योगिक विकास को कमजोर कर रही है। जिसकी आज कोरोना काल में कमजोर हुए औद्योगिक विकास को तेज करने के लिए सबसे जरूरी काम था और इसकी मांग भी थी। कांग्रेसी नेता ने पूरे बजट को पूरी तरह से फेल बताते हुए इसे सरकार की नकारात्मक सोच का पुलिंदा बताया है।

बजट में आय कर छूट की सीमा न बढ़ाया जाना दुर्भाग्य पूर्ण : आरपी मिश्रा

भरवारी कौशाम्बी। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए बजट 2022 23 में प्रतिक्रिया देते हुए आर पी मिश्रा एडवोकेट आयकर अध्यक्ष जिला कर अधिवक्ता संघ कौशाम्बी ने कहा कि बजट में आय कर छूट की सीमा न बढ़ाया जाना दुर्भाग्य पूर्ण है उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई से पीड़ित मध्यम वर्गीय लोगो के लिए छूट सीमा बढ़ाए जाने की आवश्यकता थी।छूट योग्य बचत योजनाओं में इन्वेस्ट की सीमा नही बढ़ाई गई।ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बजट में की गई वृद्धि, इसी प्रकार पांच नदियों को जोड़ने की योजना सराहनीय है आयकर रिटर्न में भूल सुधार करने की समय सीमा पूर्व की भांति 2 वर्ष किया जाना स्वागत योग्य है।

किसान विरोधी है बजट : अजय सोनी

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य कौशांबी अजय सोनी ने कहां कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए बजट में किसानों के कल्याण के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। ऊर्वरक के दाम कम नहीं हुए, किसान सम्मान निधि की राशि नहीं बढ़ाई गई, किसानो की आय दुगुनी करने के लिए अलग से कोई धनराशि का आवंटन नहीं किया गया उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर बजट किसान विरोधी है।

बजट के बाद ब्यापार उद्योग जगत को लगी निराशा : रमेश अग्रहरि

कौशाम्बी। केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट 2022 23 पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि व्यापार उद्योग जगत को आशा थी कि इस बजट में आयकर टैक्स स्लैब की सीमा बढ़ाई जाएगी किन्तु टैक्स स्लैब में कोई परिवर्तन न होने से जनता व ब्यापार उद्योग जगत को निराशा हाथ लगी उन्होंने कहा कि टैक्स स्लैब में परिवर्तन की उम्मीद लगाए उद्योग व्यापार जगत के लोग बैठे थे लेकिन उद्योग व्यापार जगत को बजट में केंद्र सरकार ने निराश कर दिया है राज्यो के विकाश की लिए ऋण मुक्त धन देने से आम जनता को राहत मिलेगी

बेखौफ लकड़ी माफियाओं ने काट डाला हरा पेड़

कौशाम्बी। तहसील चायल के चरवा थाना क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं का बोलबाला है वन विभाग व स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से धड़ल्ले से हरे फलदार महुआ के पेड़ काटे जा रहे है ग्रामसभा बलीपुर टाटा गांव में स्टील फैक्ट्री के आगे एक हरा महुआ का फलदार पेड़ फिर काट कर लकड़ी माफिया उठा ले गए हैं इलाके में प्रतिदिन सुबह से लकड़ी माफिया इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन लेकर हरे फलदार पेड़ों के कटान के लिए गांव गांव पहुंच जाते हैं सब कुछ देखते हुए बन विभाग और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है इलाके में प्रतिदिन हरे पेड़ काटे जा रहे हैं जिससे हरियाली नष्ट हो रही है वन विभाग के संरक्षण पलने वाले आधा दर्जन लकड़ी माफिया विभाग के रहमो करम पर चल रहे हैं इसी का नतीजा है कि इलाके में हरियाली नष्ट हो रही है आला अधिकारी भी लकड़ी के अवैध कटान में रोक लगाने पर अंकुश बिहीन साबित हो रहे हैं।

सपा प्रत्याशी के कार्यालय उद्घाटन पर दिखा विरोध

चायल विधानसभा से सपा उम्मीदवार पूजा पाल ने किया केंद्रीय कार्यालय का उदघाटन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता पूजा पाल को चायल विधान सभा क्षेत्र से विधायक के पद पर टिकट मिलने के बाद चायल क्षेत्र के गुंगवा के बाग में मंगलवार को केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ है जहां पर हजारों की तादाद में भीड़ देखने को मिली आपको बता दें कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन को नजरअंदाज करते हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बिना मास्क के ही दिखे और कोविड-19 का उल्लंघन किया वहीं दूसरी ओर बता दें कि समाजवादी पार्टी से चायल विधानसभा 253 से कई प्रत्याशी टिकट के लिए दावेदारी कर रहे थे लेकिन केंद्रीय कार्यालय उद्घाटन कार्यालय पर एक भी दावेदार नहीं देखने को मिला ना तो राकेश पटेल चंद्रबली आस्था सिंह पटेल अनवर अहमद खा आसिफ जाफरी अशोक यादव जिले के कई बड़े नेता जो चायल से दावेदारी टिकट कर रहे थे।

कार्यालय उद्घाटन के अवसर में मौजूद सपा नेता

आज केंद्रीय कार्यालय उद्घाटन पर पूजा पाल के समर्थन में नहीं उतरे ऐसे में प्रतीत होता है कि समाजवादी पार्टी में बगावत हो गई है सूत्र के हवाले से पता चला है कि जितने भी पटेल बिरादरी हैं उनमें से कोई भी पूजा पाल को सपोर्ट नहीं कर रहा है वहीं जमीनी स्तर से देखा जाए तो चायल से प्रबल दावेदार आसिफ जाफरी पूर्व विधायक रह चुके है लेकिन अपने पार्टी के समर्थन में पूजा पाल को समर्थन देने नहीं पहुंचे जमीनी स्तर से काम करने वाले समाजवादी पार्टी में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव केंद्रीय कार्यालय में उद्घाटन कार्यक्रम में नहीं पहुंचे जनता में चर्चा है कि जब सपा के नेता ही बड़े नेता जो विधान सभा चायल से आते है पूजा पाल के समर्थक में नही है तो जनता इस पर अभी कोई विचार नहीं कर सकती है। अब ऐसे में सवाल उठता है की जब पार्टी के नेता ही नही आए तो आम जनता क्या विचार करेगी और क्षेत्र की जनता में क्या संदेश जाएगा।

सेवकू पुर बिजली सप्लाई के पक्षपात का खामियाजा भुगतेगे भाजपा प्रत्याशी

कौशाम्बी। मंझनपुर विधानसभा के सेवकूपुर ग्राम पंचायत में बिजली सप्लाई के रोस्टर में ग्रामीणों के साथ पक्षपात किए जाने से लगातार ग्रामीण रोस्टर के पक्षपात को दूर करने की मांग शासन सत्ता से लेकर अधिकारियों नेताओं से कर रहे हैं लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद भी बिजली सप्लाई के रोस्टर का पक्षपात ठीक नही हो सका है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही गांव के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को सबक सिखाने की ठान ली है। इस गांव में भाजपा हटाओ अभियान की शुरूआत हो गई है जिसका खामियाजा भाजपा प्रत्याशी को भुगतना पड़ेगा। बताते चलें कि सेवकू पुर के आधे गांव को 20 घंटे बिजली सप्लाई दी जा रही है और आधे गांव को 8 घंटे ही बिजली सप्लाई मिल रही है एक गांव में विद्युत सप्लाई का दो रोस्टर बनाए जाने से ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है लेकिन यूपी में 5 वर्षों तक योगी की भाजपा सरकार रहने के बाद भी उनके जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने का प्रयास नहीं किया है जिससे स्थानीय विधायक से भी गांव के लोग आक्रोशित हैं यदि समय रहते अभी भी गांव के विद्युत सप्लाई के रोस्टर में पक्षपात नहीं बंद कराया तो ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ जाएगा उसका खामियाजा सत्ता पक्ष के प्रत्याशियों को भुगतना पड़ेगा।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले में अलग अलग थानों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 14 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कार्यवाही की गई जानकारी के मुताबिक थाना सैनी पुलिस द्वारा पांच अभियुक्तों हरिमोहन पुत्र काशी लाल राजेन्द्र पुत्र श्रीनाथ सुरेश पुत्र नथई राजेन्द्र कुमार पुत्र लल्लू निवासीगण गोविन्दपुर गोरियो थाना सैनी व मो० युनूस पुत्र मो० अली निवासी निहालपुर थाना सैनी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 310 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 490 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई। इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तो शिवबरन केवट पुत्र मैकू केवट रामसुमेर केवट पुत्र रामलखन निवासीगण घोघ का पुरवा थाना मेहवाघाट व समय लाल केवट पुत्र स्व० सियाराम केवट निवासी कटया खादरपुर थाना मऊ जपनद चित्रकूट को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 350 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 150 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई। इसी प्रकार थाना महेगाघाट पुलिस द्वारा छः अभियुक्तों सुरेन्द्र कुमार पुत्र छेदीलाल विश्वकर्मा कन्हईलाल पुत्र रामखेलावन विरेन्द्र कुमार पुत्र लाकपाल प्रजापति निवासीगण अधावा थाना महेवाघाट व मैकन पुत्र वसीर अहमद निवासी बरई थाना करारी व भण्डारी लाल पुत्र राम लाल निवासी नीम का पूरवा थाना मंझनपुर तथा राजेश कुमार पुत्र राम प्रसाद निवासी सरसवां थाना महेवाघाट को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 500 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 270 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

बसपा मुखिया का सुनाया संदेश कहा प्रदेश के लिए बसपा है विकल्प

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। बहुजन समाज पार्टी की मंझनपुर प्रत्याशी ने मंगलवार को पार्टी जिलाध्यक्ष संतोष गौतम के नेतृत्व में क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में जनसर्म्पक किया। इस दौरान मतदाताओं से रूबरू होकर बसपा सुप्रिमो बहन मायावती का संदेश भी सुनाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस बार बसपा ही एक विकल्प है ग्रामसभा नागचौरी का पूरा, पूरव शरीरा,चांदेराई सहित कई गांवों में जनसम्पर्क के दौरान प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया सभी मतदाताओं से रूबरू हुई। इस दौरान पार्टी वरिष्ठ नेता महेंद्र गौतम ने जनता से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश में सुशासन स्थापित करने वाली बसपा सुप्रिमो बहन मायावती को पांचवी बार सीएम बनाएं। उन्होंने बसपा के शासन काल को भी जनता को याद दिलाया। सपा, भाजपा पर बोलते हुए कहा कि इनके शासनकाल में शिक्षित युवा बेरोजगार, किसान, दलित, अल्पसंख्यक, पिछडों का कितना भला हुआ है शायद यह किसी से छिपा नहीं हैं। इस मौके पर प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया ने कहा कि जनता के लिए सुशासन का साम्राज्य कायम करने वाली बहन मायावती को मजबूत कर प्रदेश में बसपा की सरकार बनाएं। इस मौके पर उनके साथ महेंद्र गौतम,संतोष गौतम, शैलेन्द्र गौतम, बंशीलाल चौधरी, शंकरदयाल पांडेय, पवन दुबे पिंटू सरोज, वीरेंद्र सरोज, घनश्याम गौतम आदि मौजूद रहे।

जनसंपर्क करती बसपा प्रत्याशी नीतू कनौजिया

संपादकीय

यूपी चुनाव का परिदृश्य

होने को तो उत्तर प्रदेश के अलावा पंजाब, उत्तराखण्ड, मणिपुर और गोवा में भी विधानसभा के चुनाव सम्पन्न होने जा रहे हैं। पर उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर सिर्फ उत्तर प्रदेश के लोगो में ही नहीं, पूरे देश के लोगो में एक विशेष तरह की उत्सुकता है। इसकी एक बड़ी वजह यह हो सकती है कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटों के चलते दिल्ली की सत्ता का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। चुनाव परिणामों को लेकर अभीतक जो 8 चैनलों के सर्वे आये हैं, उसमें सात भाजपा को और मात्र एक चैनल सपा को जिता रहा है। निष्पक्ष पर्यवेक्षकों का कहना है कि आयेंगे तो योगी ही, यह बात अलग है कि इसबार भाजपा की विधानसभा में सीटे 2017 की तुलना में कम आयेंगी। ऐसा मानना है कि भाजपा की जहाँ 50 के आसपास सीटें कम हो सकती हैं, वहीं सपा 50 से लेकर 100 सीटों तक बढ़ सकती है। गौर करने का विषय यह कि ऐसा क्यों है कि भाजपा को पिछली बार की तुलना में कम सीटें आयेंगी, जबकि मुख्यमंत्री योगी को लेकर लोगो में कोई आक्रोश जैसी स्थिति नहीं है। अधिकांश लोग योगी सरकार में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर संतुष्ट नजर आते हैं। विगत 5 वर्षों में विकास की दृष्टि से उत्तर प्रदेश ने कई कीर्तिमान कायम किये हैं। इसलिये पहले राष्ट्रीय स्तर पर बहुत पीछे रहते हुये कई मामलों में उत्तर प्रदेश पहले और दूसरे स्थान पर आ गया है। जहां पहले पर्याप्त बिजली सिर्फ तीन जिलों को मिलती थी, वहीं अब प्रचुर मात्रा में पूरे प्रदेश को मिल रही है। वस्तुतः 2017 के चुनाव में अखिलेश सरकार के सत्ता विरोधी कारक और मोदी फैक्टर के चलते भाजपा को लोगों ने एकतरफा वोट दिया। इसबार कुछ कारणों से स्थितियां अलग हैं। पहली बड़ी बात तो यह कि इसबार बसपा पूरी तरह अप्रासंगिक और मुकाबले से बाहर हो चुकी है। पिछली बार जहाँ उसे 23 प्रतिशत मत मिले थे, वहीं अब वह अधिक से अधिक 12-13 प्रतिशत मत ही जुटा सकने की स्थिति में है। इसका बड़ा कारण यह कि पिछले चुनाव में ही सपा के 47 के मुकाबले बसपा को मात्र 19 सीटें मिली थी। ऐसी स्थिति में भाजपा विरोधी मतदाता बसपा को छोड़कर सपा के साथ हो लिये हैं। पिछली बार जहाँ मुसलमानों का एक तबका बसपा के साथ था, वह भाजपा को हराने की दृष्टि से सपा के साथ आ चुका है। यद्यपि उत्तर प्रदेश में आईएमआई के ओवैसी फैक्टर को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। ऐसी स्थिति में यदि ओवैसी के पक्ष में मुसलमानों का एक बड़ा तबका गोलबंद हुआ तो भाजपा का रास्ता आसान हो जायेगा।

भाजपा की सीटें कम होने का दूसरा बड़ा कारण यह कि पिछली बार जाट मतदाताओं ने एकतरफा ढंग से भाजपा का साथ दिया था, लेकिन इस बार कृषि कानूनों और कुछ जयंत के चौधरी चरण सिंह के पौत्र होने के कारण सहानुभूति के चलते जाटों का बड़ा हिस्सा सपा आरएलडी के साथ जाने की संभावना बन गई है। यद्यपि जिस ढंग से गृहमंत्री अमित शाह इस दिशा में जुट गये हैं और जिसका असर दिखना शुरू हो गया है। बड़ी बात यह कि 2012 के मुजफ्फरपुर दंगों को लेकर जाटों और मुसलमानों में व्याप्त दूरियां अभी पट नहीं सकी हैं, फिर उत्तर प्रदेश में सपा उम्मीदवारों और उनके समर्थकों द्वारा जिस ढंग से जाटों और दूसरे हिन्दुओं को धमकाया जा रहा है- जमीन पर उसका असर दिखना शुरू हो गया है। समस्या यह है कि भाजपा जहाँ अपनी नीतियों एवं कार्यों के आधार पर मतदाताओं का समर्थन जुटा रही है, सपा विशुद्ध जातीय एवं साम्प्रदायिक आधार पर उत्तर प्रदेश की सत्ता पाना चाहती है। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के कई छोटे-छोटे जातीय दलों से गठबन्धन किया। इस दिशा में उत्तर प्रदेश के ब्राम्हणों को भी खूब बरगलाने की कोशिश की गई। विकास दुबे और कुछ ब्राह्मण जाति के माफिआओं के एन्काउन्टर और कठोर कार्रवाई के चलते विरोधी दलों ने इसे योगी सरकार के विरोध में ब्राह्मण विरोधी बतौर प्रचारित किया।

भ्रष्टाचार के विरूद्ध नरेन्द्र मोदी की हुंकार

ललित

> "भ्रष्टाचार के ज्यादातर मामलों में यही सामने आता है कि अधिकारी और कारोबारी मिलकर मनमानी करते हैं। भ्रष्ट अधिकारियों और कारोबारियों के बीच मिलीभगत कोई नई बात नहीं है, लेकिन यह चिंता की बात है कि इस मिलीभगत को तोड़ने में अपेक्षित सफलता मिलती हुई नहीं दिख रही है। यह ठीक है कि केंद्र सरकार के शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है और भ्रष्टाचार का कोई बड़ा मामला पिछले छह-सात सालों में सामने नहीं आया है, लेकिन यह तो चिंताजनक है ही कि निचले स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार में कोई उल्लेखनीय कमी आती नहीं दिख रही है। भारत अभी भी विकासशील देशों में से एक है। पूर्ण रूप से विकसित ना होने का सबसे बड़ा कारण यहां देश मे बढ़ता भ्रष्टाचार ही है"

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में पल-बढ़ रहे सबसे बड़े रोग भ्रष्टाचार को लेकर चिंता जाहिर की है और फिर से देशवासियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। भ्रष्टाचार एक दीमक की तरह है जो देश को, उसकी अर्थव्यवस्था को, विकासमूलक कार्यों को और कुल मिलाकर नैतिकता एवं मूल्यों को खोखला कर रहा है। यह उन्नत एवं मूल्याधारित समाज के विकास में बड़ी बाधा है। शासन व्यवस्था की भ्रष्टता सशक्त भारत निर्माण का बड़ा अवरोध है। हाल में ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल की ओर से जारी भ्रष्टाचार अवधारणा सूचकांक में भारत को दुनिया भर के 180 देशों की सूची में 85वां स्थान मिला है। जाहिर है, यह तस्वीर कोई संतोषजनक नहीं है और देश में सत्ता से लेकर विपक्षी दलों और जनता तक के स्तर पर सभी पक्षों को सक्रिय रूप से भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम उठाना होगा, भ्रष्टाचार का मुद्दा चुनावी मुद्दा भी बनना चाहिए एवं पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में इसकी खनक सुनाई देनी चाहिए। खासतौर पर राजनीतिक पार्टियों के भीतर इस बेहद जटिल समस्या से निपटने के लिए ईमानदार इच्छाशक्ति की जरूरत है। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए एक बड़ा एवं कड़वा सच यह है कि इस समस्या से देश लंबे समय से पीड़ित है और इसका खामियाजा आखिरकार जनता को भुगतना पड़ता है। स्वाभाविक ही इसका सीधा असर देश के विकास पर पड़ा, जिसके आईने में हम पिछले सात दशक से ज्यादा के आजादी के सफर को आंकते हैं। बड़े पदों पर आसीन अधिकारियों एवं मंत्रियों-राजनेताओं के भ्रष्टाचार ज्यादा बड़ी समस्या है क्योंकि उनके उजागर होने, उजागर हो जाने पर उन्हें दबा दिये जाने की त्रासद स्थितियां अधिक चुनौतीपूर्ण है, उन पर लगाम लगाना ज्यादा जटिल है। यह बात हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोप में गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग निदेशक ईएस रंगनाथन की गिरफ्तारी बताती है।

सवाल है कि आखिर कौन-सी वजहें रहीं कि तमाम जद्दोजहद के बावजूद लंबे समय से यह समस्या न केवल ज्यों की त्यों बनी है, बल्कि कई स्तरों पर पहले के मुकाबले जटिल भी हुई है। क्या सरकार से लेकर आम लोगों के भीतर भ्रष्टाचार की समस्या से निपटने की इच्छाशक्ति में कमी रही या दायित्वबोध का अभाव रहा, जिसके चलते आज भी इस पर फिक्र जतानी पड़ती है? सरकार के तमाम दावों के बावजूद भ्रष्टाचार पर प्रभावी लगाम नहीं लग पा रही है। पिछले दिनों भ्रष्टाचार का एक अन्य मामला भी चर्चा में रहा है जिसमें नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के डिप्टी कमांडेंट प्रवीण यादव को 131 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस अधिकारी ने कितने बड़े पैमाने पर अपनी धोखाधड़ी का जाल फैला रखा था इसका पता इससे चलता है कि उसके करीब 45 खाते फ्रीज किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईमानदार एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन देने के संकल्प के साथ कहा गया वाक्य कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा, का असर मंत्रियों, सांसदों पर तो ऊपरी तौर पर दिख रहा है, लेकिन विभिन्न सरकारी कम्पनियों में भ्रष्टाचार व्यापकता से आज भी पसरा है, गैल का ताजा भंडाफोड इसका उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने भी यह कहा कि हमें अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता देते हुए मिल कर शीघ्र ही भ्रष्टाचार से मुक्ति पानी है। इसके लिए आने वाले दशकों तक या अनिश्चितकाल तक इंतजार करने की जरूरत नहीं है। केन्द्र के साथ-साथ विभिन्न राज्य सरकार को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि अधिकारियों और कारोबारियों, अधिकारियों एवं गैर सरकारी संगठनों के बीच साठगांठ के चलते बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी भी हो रही है और सरकारी धन सेवा के नाम पर किन्हीं खास लोगों एवं संगठनों तक पहुंच रहा है। यह टैक्स चोरी या किन्हीं खास लोगों-संगठनों को स्व-लाभ की शर्तों पर लाभ पहुंचाना भी भ्रष्टाचार का ही रूप है। लिहाजा सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए नए उपायों पर विचार करे और प्रधानमंत्री लम्बे समय से इसके लिये प्रयासरत है। उनके प्रयासों का असर दिख भी रहा है। लेकिन इसके लिये प्रशासनिक, राजनीतिक एवं जनक्रांति की अपेक्षा है। इसकी एक बड़ी मुश्किल यह है कि देश में ऐसे तमाम लोग हैं, जो भ्रष्टाचार को एक गंभीर समस्या मानते हैं, उसके पीड़ित भी हैं, लेकिन लंबे समय से इसका सामना करने की वजह से शायद वे इसके अभ्यस्त हो गए हैं और इसीलिए इसके प्रति उदासीन दिखते हैं। हालांकि देश की ज्यादातर आबादी इस पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की अपेक्षा करती है। आसान शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार उन लोगों के द्वारा जिनमें पॉवर होती है एक प्रकार का बेईमान या धोखेबाज आचरण को दशार्ता है। यह समाज की बनावट को भी खराब एवं भ्रष्ट करता है। यह लोगों से उनकी आजादी, स्वास्थ्य, धन और कभी-कभी उनके जीवन को ही खत्म कर देता है। किसी ने सही कहा है कि भ्रष्टाचार एक मीठा जहर है। भारत में हर साल खरबों की राशि या तो रिश्वतखोरी या फिर भ्रष्ट तरीकों की भेंट चढ़ जाती है जिससे कानून के शासन की अहमियत तो कम होती ही है, साथ ही स्वस्थ शासन व्यवस्था का सपना चकनाचूर होता है। प्रधानमंत्री के नया भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण में भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है। इस विकराल होती समस्या से मुक्ति के प्रधानमंत्री युवाओं से विशेष उम्मीद जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम हम सभी देशवासियों को, आज की युवा पीढ़ी को मिल कर करना है। इसके लिए बहुत जरूरी है कि हम अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता दें। आज की युवा पीढ़ी न केवल समूचे तंत्र में गहरे पैठे भ्रष्टाचार को बाकी समस्याओं की जड़ मानती है, बल्कि समय पर उचित प्रतिक्रिया भी देती है। चाहे इस पर राय जाहिर करना हो, किसी रूप में भ्रष्ट व्यवहार के खिलाफ जूझना हो या फिर इसके अंत के लिए आंदोलनों में हिस्सा लेना हो। विडम्बना तो यह भी है कि भ्रष्टाचार के जितने मामले प्रकाश में आते हैं, उन्हें दबाने में भी एक नये तरीके का भ्रष्टाचार होता है। आवश्यक केवल यह नहीं है कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों की निगरानी हो और उनके खिलाफ समय-समय पर छापेमारी भी की जाए। इसके साथ ही आवश्यक यह भी है कि उन कारणों का निवारण भी किया जाए जिनके चलते अधिकारी भ्रष्टाचार करने में सक्षम बने हुए हैं। यदि भ्रष्ट अधिकारियों को यथाशीघ्र सजा देने में सफलता नहीं मिलती तो फिर भ्रष्ट तत्वों को हतोत्साहित नहीं किया जा सकता।

दरअसल, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भाव की अनदेखी के चलते भ्रष्ट मानसिकता वाले लोग अपने दायित्व की उपेक्षा करके कदाचार में लिप्त होते हैं और जो सेवा व्यवस्थागत तौर पर जनता के अधिकार के तौर पर तय की गई होती है, उसे हासिल करने के लिए लोगों को अवैध तरीके से पैसे चुकाने से लेकर कई स्तरों पर परेशान होना पड़ता है। यह मुश्किल केवल निचले स्तर पर नहीं है, बल्कि समूचे तंत्र में हर ऊपरी सीढ़ी पर भ्रष्टाचार अपने जटिल स्वरूप में और गंभीर होता चला जाता है। भ्रष्टाचार के ज्यादातर मामलों में यही सामने आता है कि अधिकारी और कारोबारी मिलकर मनमानी करते हैं। भ्रष्ट अधिकारियों और कारोबारियों के बीच मिलीभगत कोई नई बात नहीं है, लेकिन यह चिंता की बात है कि इस मिलीभगत को तोड़ने में अपेक्षित सफलता मिलती हुई नहीं दिख रही है। यह ठीक है कि केंद्र सरकार के शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है और भ्रष्टाचार का कोई बड़ा मामला पिछले छह-सात सालों में सामने नहीं आया है, लेकिन यह तो चिंताजनक है ही कि निचले स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार में कोई उल्लेखनीय कमी आती नहीं दिख रही है। भारत अभी भी विकासशील देशों में से एक है। पूर्ण रूप से विकसित ना होने का सबसे बड़ा कारण यहां देश मे बढ़ता भ्रष्टाचार ही है। भ्रष्टाचार की बढ़ती विभीषिका को नियंत्रित करने के लिये मोदी के अनेक प्रभावी एवं कारगर प्रयत्नों में नोटबन्दी भी एक है।

कविता

संजीव-नी

दुनिया से बचके तुझको निहार आया हूं .

दुनिया से बचके तुझको निहार आया हूं .
कर्ज इश्क का इस तरह उतार आया हूं।

खून से लबरेज इश्क का दरिया,
प्यार की कश्ती से बमुश्किल पार आया हुँ '

वो चाहते हैं गमों से गले लगना
दर्द के सारे चेहरे सवार आया हूं ।

जख्मों से गमो के भरे हैं
सारे हिस्से।
मैं सारे जख्मों को उतार आया हूं।।

छन छन करती तेरी आवाज भाग गई मुझको।
पायलो से तेरी मैं झंकार लाया हूं।।

संजीव ठाकुर

काली हांडी की बजट चिटें

रामविलास जांगिड़

बजट बनाया जा रहा है या बजट को बनाया जा रहा है। बजट के लिए हलवा पकाया जा रहा है या पुराने बजट को नए रैपर में सजाया जा रहा है। कुछ नहीं कह सकते! बजट आता है और अपने साथ कई तरह के टैक्स लाता है। महान विदूषक श्री भोयाली भांडेत के जमाने में जो कुछ बजट बनाया जा रहा था, वही बजट अब तक सजाया जा रहा है। जो आम आदमी के कभी समझ में नहीं आया! आम तो क्या खास अर्थशास्त्री भी जमीन ही कुरेदते रहते हैं। बजट बनाने का सबसे आसान तरीका बरसों से काम में लिया जा रहा है। इसके अनुसार कई तरह की बजटाकांक्षी सामग्रियों की चिटें बना ली जाती है और उन चिटों को हवा में उछाल दिया जाता है। जो चिटें भोयाली भांडेत के बाईं तरफ गिरी मिलती, उन पर 18 प्रतिशत टैक्स लगा दिया जाता। दाईं तरफ गिरने वाली चिटों पर 28 प्रतिशत टैक्स! सामने की तरफ गिरने वाली चिटों का बड़ा भाग्य माना जाता और उन पर 38 प्रतिशत टैक्स ही लगाते। जो चिटें हवा में रह जाती, उसे घाटे का बजट कहा जाता। एक दूसरे संवैधानिक सिद्धांत के अनुसार एक काली हांडी में बजटाकांक्षी सामग्रियों चिटों को हांडी में डाल दिया जाता है। मौका-ए-वारदात पर क्षेत्र के जाने-माने वित्त डाकू अधिकारी को बुलाकर हांडी में पड़ी चिटें हवा में उड़ाई जाती है। ठीक इसी तरह जैसे बरसों पहले एक नायिका का मलमल वाला दुपट्टा हवा में उड़ चला था। यहां भी हलवा परोस कर, हवा में उड़ता जाए मेरा मोटा मलमल रोकड़ा, गीत गाने का कार्यक्रम रखा जाता है। खैर! काली हांडी के सामने पांच प्रकार के गोल घेरे बने तैयार रखे जाते हैं। कई बार इन घेरों की संख्या 50 तक भी होती है। हर एक घेरे में कुछ गणित के अंक जैसे 15-20-25-30-35 आदि लिखे होते हैं। वित्त डाकू काली हांडी में पड़ी चिटें निकालकर इधर-उधर उछालता है। जो चिट जिस घेरे में गिर जाती है, उसी चिट को खोलकर उसमें लिखे गए सामान पर उतना ही टैक्स लगा दिया जाता है। इन सभी घेरों के बाहर बजट बनाने वाली पार्टी, बजट के रसिया गीत गाती-नाचती रहती है। वे इसे संसार का सबसे बेहतरीन बजट बताती है। पास में ही विरोधी पार्टी के दल छाती-कूटते हुए, रोते-बिलखते इसे गोबर बजट बताते हैं। काली हांडी के घेरों से बहुत दूर बैठी बेचारी जनता छछूंदर बनी हुई न रोती है, न हंसती है! जो व्यक्ति चुप बैठे हैं, उन पर बहुत टैक्स लगाया हुआ है, तो हर एक व्यक्ति ने घबराकर 3-3 स्मार्टफोन खरीद लिए हैं। पैदलचियों पर सरकार ने भारी भरकम टैक्स लगा दिया है, अतः घबरा कर हर पैदलची ने 2-2 कारें खरीद ली है। सरकार ने होशियारी कर कारों पर टैक्स लगाने के उपाय किए हैं। खिड़की खोलने का टैक्स तो खिड़की बंद करने का टैक्स! गियर लगाने का टैक्स तो, न्यूट्रल में रखने का टैक्स! सड़क पर चलाने का टैक्स तो, घर में पड़ी रखने पर टैक्स! प्राइवेट शिक्षा, प्राइवेट हॉस्पिटल और प्राइवेट होटलों में जाकर बजट के पंख लगाने का सिद्धांत है।

विचार

मैं बजट बोल रहा हूँ....

डॉ. सुरेश कुमार

मेरी कई बुरी आदतों में एक बुरी आदत दिन में देखी-सुनी बातों का रात में सोते सयम सपने में रिहर्सल करना होता है। चूँकि दिन भर मैंने बजट की खबरें देखी थीं, सो रात में वित्तमंत्री बन बैठा। इस खयाली पुलाव की दुनिया के बहुत बड़े टीवी चैनल के पत्रकार ने मेरा साक्षात्कार लेना आरंभ किया-

प्रः आपको बजट पेश करते समय कैसा लगा?

मैः मुझे बजट पेश करना डाइनिंग टेबल पर भोजन परोसने जैसा लगता है। अब खाने वाले मेरे अपने हैं तो वे शिकायत तो क्या चूँ करने तक की हिम्मत नहीं कर सकते। जो दिया चुपचाप खा लेते हैं। वरना वे जानते हैं कि ज्यादा नखरे दिखाने से जो मिल रहा है, वह भी नहीं मिलेगा। हाँ यह अलग बात है कि कभी सब्जी अच्छी बन गई तो सभी उसे चट करने की फिराक में रहते हैं। इसीलिए भोजन का स्वाद औसत रखता हूँ। यदि मेरी इस बात का ध्यान सभी दंपति रखें तो घर खुशहाल बना रह सकता है। कभी इनकी पसंद तो कभी उनकी पसंद का बना देने से घर हो या देश, फिर भोजन या बजट की मगजमारी नहीं रह जाती।

प्रः देश की आर्थिक व्यवस्था इतनी खराब है फिर भी आप इतना भारी बजट कैसे पेश कर पाते हैं?

मैः देखिए, घर में खाने के लाले ही क्यों न पड़े हों, लेकिन दुनिया के सामने अपनी शान पर बट्टा नहीं लगना चाहिए। इंसान पेट की भूख से कम इज्जत की भूख से ज्यादा आहत होता है। इसलिए भीतर से कितनी भी परेशानी क्यों न हो बाहर से अपनी शेरवानी का रुतबा बचाए रखने का प्रयास करना चाहिए।

प्रः सरकार पर निजीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लग रहा है। इस पर आप क्या कहना चाहेंगे?

मैः शिशु जन्म लेने के साथ ही अपना निजी अस्तित्व प्राप्त कर लेता है। वह निजी तौर पर खुद को जीवन भर स्थापित करने का प्रयास करता रहता है। इसी तरह सरकार मां के समान होती है और उसके उपक्रम संतान की तरह। इसीलिए सभी उपक्रमों को निजी तौर पर आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। तभी उनकी क्षमता बाहर निकल कर आती है। भीड़ के संग रहकर भीड़ बनने से अच्छा है भीड़ से अलग होकर अपनी पहचान बनाओ। यही कारण है कि हमारी सरकार ने अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता के मुहावरे को बदलकर ह्यअकेला चना ही भाड़ फोड़ सकता है, कर दिया है। इससे निजी क्षमता का विकास होता है। निजीकरण से गला काट होड पैदा होती है। ऐसा होने पर केवल काम के गले रह जाएंगे बाकी सब गले गल जाएंगे।

प्रः बैंकों की ऋण प्रणाली के बारे में आपके क्या विचार हैं?

मैः हमारे देश के बैंक दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बैंक हैं। वे छोटे और बड़े लोगों को ऋण देते हैं। छोटे लोगों के ऋण उन्हें समाज में इतना छोटा कर देते हैं कि न तो वह जीने लायक बचता है न मरने लायक। उनकी धोती तक उतार लेते हैं। बड़े लोगों को दिया हुआ है ऋण उन्हें हवाई यात्रा के माध्यम से विदेशों को उड़न छू हो जाने का पर्याप्त अवसर देता है। हमारे बैंको की सबसे बड़ी अनौपचारिक शाखा स्विस बैंक है। हमारे बैंक जहां आराम से कमाए रुपयों को हराम कर देते हैं वहीं इसकी अनौपचारिक शाखा हराम से कमाए पैसों को जमा कर हम जैसों को आराम देते हैं। प्रः पेट्रोल-डीजल पर कृषि सेस टैक्स लगाया गया है। क्या यह भार नहीं है?

मैः पहले तो हम पेट्रोल-डीजल का नाम बदलकर किसी देशभक्त पर रखना चाहते थे। इससे पेट्रोल-डीजल का दाम बढ़ता भी तो जनता को दुख नहीं होता। जनता महंगाई, भ्रष्टाचार, बलात्कार, अत्याचार, लूटपाट सब सह सकती है लेकिन देशभक्त व राष्ट्रवाद के खिलाफ एक शब्द भी नहीं सह सकती। किंतु हमने देखा कि सब लोग आए दिन कृषि के नाम पर हमारी नाक में दम कर रखा है। इसीलिए ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए इस पर टैक्स लगा दिया गया है। अब अगली बार कोई भी बेवजह किसी चीज का रट्टा नहीं लगाएगा।

कुछ शब्द, कुछ अंक..!

विजय गर्ग

हाल में स्कूल खुले, बच्चे स्कूल आए। फिर क्या हुआ? शिक्षकों की माथे की सलवटें बढ़ी ही हुई थीं, वे और बढ़ीं। स्थितियां ठीक नहीं होनी थीं, नहीं हुईं। मुश्किल इतनी भर नहीं थी कि बच्चे को जो आता था, वे भूल गए हैं। इतनी भर भी नहीं कि बच्चों ने एक कक्षा में जो पढ़ा था, वह भूल गए और उसके बाद की एक कक्षा को बिना पढ़े ही पास कर लिया है। यानी कक्षा एक का बच्चा कक्षा तीन में आ पहुंचा है, जबकि उसके साथ काम होना था कक्षा एक और दो की दक्षताओं पर। शिक्षकों के सामने बच्चे हैं और उनकी भूली-बिसरी दक्षताएं हैं और वर्तमान कक्षा की पाठ्यपुस्तक है। शिक्षकों के सम्मुख सामने खड़ा मार्च है, जिसके बाद बच्चे एक कक्षा और आगे पहुंच जाएंगे। मुश्किल यह भी नहीं कि जो योजनाएं बनाईं, सोचीं, जिन पर काम करना शुरू किया, उन पर महामारी के बहुरूप के बादल मंडराने लगे। इसके चलते चुनाव भले ही न स्थगित हुए हों, शादियां भले ही शान से गाजे-बाजे से हो रही हों, बाजार भले ही अपनी धज में लोगों की भीड़ से घिरे हों, लेकिन स्कूलों के बंद होने का संकट आना ही था, सो आ गया। मैं कहूं कि इन सब मुश्किलों को मुश्किल नहीं माना जाए, तो आप कहेंगे कि मजाक कर रही हूं शायद।

लेकिन यह मजाक नहीं, क्योंकि इन तमाम मुश्किलों से बड़ी भी एक मुश्किल है, वह है महामारी के भयावह दौर से जूझ कर स्कूल आ रहे बच्चों के मन को समझने की। यह जो सीखने-सिखाने की हड़बड़ी है, इसमें कहीं चूक न हो जाए, कहीं ऐसा न हो कि अनजाने ही एक उदास मन भाषा और गणित सीखने के दबाव में आने लगे। एक बार एक शिक्षिका ने भावुक होकर कहा था- जब उस भयावह समय को पार कर-के हम सुरक्षित स्कूल आ गए हैं, बच्चे भी स्कूल में हैं तो इसके बाद तो सब मुश्किल छोटी ही है। सबसे बड़ी मुश्किल यही थी कि हम सब सुरक्षित रहें। बच्चे स्कूल में आ गए हैं तो सिखा तो हम उन्हें लेंगे ही। थोड़ा वक्त ही तो लगेगा। थोड़ी ज्यादा मेहनत ही तो करनी पड़ेगी। कर लेंगे। यह कहते हुए उन शिक्षिका की आंखें नम थीं और आवाज में कुछ कर ही लेंगे का आत्मविश्वास था। जितने शिक्षकों से मैं मिला हूं, अब तक ज्यादातर शिक्षक इस विषम परिस्थिति से जूझने के लिए मन से तैयार हैं। उनकी चिंता से काफी आगे निकल गए हैं उनके प्रयास। वे यह बात समझ रहे हैं कि महामारी के इस दौर ने सबसे ज्यादा नुक्सान किया है शिक्षा का। और इस नुकसान को कम कर पाने की जिम्मेदारी अब उन पर है, जो आसान तो नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। लेकिन इस सबमें जो सिरे छूट जाने की गुंजाइश है, वह है सिखाने की हड़बड़ी में बच्चों के मन का, उनके घर परिवार के हालात का, उनके स्वास्थ्य का खयाल रखना। इसका सीधा रिश्ता है सीखने से।

बच्चों के सिर पर हाथ फेरने का समय है, उन्हें भरोसा दिलाने का कि कोई बात नहीं, तुम कुछ भूले हो तो कुछ नया सीखा भी तो है। कोई बात नहीं मैं हूं न? हम मिल कर सब सीख जाएंगे जल्दी से। यह मैं हूं न जो है, यह जादू-सा असर रखता है। यह जो सीखने वाले की क्षमता पर भरोसा करना है, इसका करिश्मा अलग ही होता है।

यूक्रेन संकट को लेकर रूस और अमेरिका आमने-सामने

संजीव ठाकुर

यूक्रेन को लेकर रूस अब बहुत संवेदनशील और आक्रामक हो गया है' यूक्रेन से रूस ने अब निर्णायक पारी खेलने का मन बना लिया है' दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन पूरी तरह से यूक्रेन का साथ देने की कटिबद्ध है, एवं पूर्वी यूरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुस पर दबाव डालने के लिए सैन्य बल भेजने की बात कही है' अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस वार्ता के हवाले अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस ने सीमा के आसपास बड़ी संख्या में सैन्य जमवाड़ा कर चुका है, एवं रूसी बलों को तैनात किया है' जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अन्य सैन्य बल तथा बातचीत के जरिए का विकल्प भी मौजूद है' वर्तमान की परिस्थितियों में यूक्रेन की सीमा पर लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा कि रूस फरवरी या मार्च के प्रथम सप्ताह तक बड़ा हमला कर सकता है' व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता एमिली होर्न ने बताया की अमेरिकी राष्ट्रपति ने आशंका जताई है कि रूस फरवरी में यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण कर सकता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लाएड ऑस्टिन ने कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह अंतिम फैसला नहीं है, जबकि उनके पास कई विकल्प खुले हुए हैं। यूक्रेन पर हमला करने की निसंदेह रूस के पास संपूर्ण क्षमताएं हैं। अमरीकी प्रशासन राष्ट्रपति रक्षा मंत्री ने पुतिन से यूक्रेन पर तनाव कम करने की अपील भी की है। रूस ने कहा है कि वार्ता के द्वारा भी खुले हुए यदि यूक्रेन अपनी हठधर्मिता से पीछे हटता है तो रूस वार्ता के माध्यम से एक मध्य मार्ग के बारे में विचार कर सकता है। पर यूक्रेन अपनी तीनों शर्तों पर अड़ा हुआ वह क्रीमिया महाद्वीप को वापस लेना चाहता है और नाटो की सदस्यता भी चाहता है, रूस द्वारा पाइप लाइन बिछाकर उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर करना चाहता हैं जिसे वह कभी बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं रहेगा।

एएफसी विमेंस एशियन कप: फिलीपींस ने चाइनीज ताइपे को हराकर रचा इतिहास

पुणे। फिलीपींस ने पेनाल्टी शूटआउट के आधार पर चाइनीज ताइपे को 4-3 से हराकर रविवार रात यहां खेले जा रहे एएफसी विमेंस एशियन कप इंडिया 2022 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एक्स्ट्रा टाइम तक दोनो टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं। यह फिलीपींस के लिए दोहरी खुशी का पल था। इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश के लिए न सिर्फ एएफसी विमेंस एशियन कप के सेमीफाइनल में पहला प्रवेश था बल्कि उसने पहली बार फीफा महिला विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई किया।

उधर, फीफा विश्व कप खेलने की चाइनीज ताइपे की उम्मीदें इस बात पर कायम होगी कि वह तीन टीमों

के प्लेऑफ में कैसा खेल दिखाता है, जिसमें से राउंड रोबिन प्रतियोगिता के टाप में आने वाली विश्व कप खेलेगी और बाकी दो टीमें इंटर-कंफेडरेशन प्लेऑफ में खेलेंगी।

ग्रुप-ए और बी में दूसरे स्थान पर रहीं चाइनीज ताइपे और फिलीपींस की टीमों के बीच के मुकाबले में प्रतिस्पर्धा अच्छी देखी गई। पहले

हाफ में कोई गोल नहीं हुआ। हालांकि दोनों टीमों ने कुछ अच्छे मौके गंवाए। पहला हाफ गोलरहित बराबरी पर जाने के बाद फिलीपींस ने हालांकि 49वें मिनट में बढ़त हासिल की। उसके लिए मैच का पहला गोल क्वीनले क्वेजादा ने किया। ऐसा लग रहा था कि मैच इसी स्कोर पर समाप्त होगा और फिलिपींस सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा लेकिन 82वें मिनट में 25 गज से एक झन्नाटेदार किक पर गोल करते हुए झुओ ली-पिंग ने मुकाबले का रुख बदल दिया। अंतिम पलों में दोनों टीमों के बीच आगे निकलने की जबरदस्त होड़ हुई लेकिन सफलता किसी को नहीं मिली। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 रहा। इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में खेल हुआ। शुरूआती 15 मिनट भी गोलरहित रहा और फिर एक्स्ट्रा टाइम के दूसरे चरण में भी गोल नहीं हुआ। इसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से किया जाना था, जिसमें फिलीपींस ने 4-3 से बाजी मारते हुए अपने लिए इस मैच को कभी नहीं भूलने वाला बना दिया।

अफ्रीकन कप में हार के बाद ट्यूनीशिया ने कोच को बर्खास्त किया

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया फुटबॉल महासंघ ने अपनी टीम की अफ्रीकन कप के क्वार्टर फाइनल में हार के बाद मुख्य कोच मोंडेर केबीयर को बर्खास्त कर दिया। महासंघ ने कहा कि उनके स्थान पर सहायक कोच जालेज कादरी को मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। कादरी की देखरेख में ही ट्यूनीशिया मार्च में माली के खिलाफ विश्व कप के क्वालीफाईंग मैच खेलेगा। ट्यूनीशिया ने कैमरून में चल रहे अफ्रीकन कप के अंतिम 16 में नाईजीरिया को हराया था लेकिन शनिवार को क्वार्टर फाइनल में उसे बुर्किना फासो से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था। ट्यूनीशिया ने तीसरे स्थान की टीम के रूप में नॉकआउट में जगह बनायी थी। वह ग्रुप चरण में माली और गाम्बिया से हार गया था।

मिस्र और सेनेगल अफ्रीकन कप के सेमीफाइनल में

याओंडे (कैमरून)। मोहम्मद सालाह के बराबरी के गोल से वापसी करने वाले मिस्र ने ट्रेजग्वेट के अतिरिक्त समय में किये गये गोल की बदौलत मोरक्को को 2-1 से हराकर अफ्रीकन कप फुटबॉल टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सोफाइन बोफाल के सातवें मिनट में पेनल्टी पर किये गये गोल से मिस्र पिछड़ गया था। मोरक्को मध्यांतर तक 1-0 से आगे था लेकिन मिस्र के कप्तान सालाह ने 53वें मिनट में ट्रेजग्वेट के क्रास पर गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। मिस्र को इस दौरान तीसरी पसंद के गोलकीपर मोहम्मद सोबी को लेकर खेलना पड़ा क्योंकि मोहम्मद अबोह गाबल चोटिल हो गये थे। गाबल को पहली पसंद के गोलकीपर मोहम्मद अल शेनावी के स्थान पर लिया गया था। लेकिन सोबी के मैदान पर उतरने के चार मिनट बाद सालाह के प्रयास से ट्रेजग्वेट ने निर्णायक गोल दाग दिया। मिस्र सेमीफाइनल में मेजबान कैमरून का सामना करेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल सेनेगल और बुर्किना फासो के बीच खेला जाएगा। सेनेगल ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में इक्वेटोरियल गिनी को 3-1 से हराया।

महिला एशेज : आस्ट्रेलियाई गेंदबाज मेगन शुट्ट टीम में करेंगी वापसी

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच मैथ्यू मोट ने पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज मेगन शुट्ट महिला एशेज के वनडे मैच के लिए टीम में शामिल होंगी।

मेगन मनुका ओवल में हाल ही में एकतरफा टेस्ट में नहीं खेली थी, जो दोनों टीमों के बीच ड्रॉ में समाप्त हुआ था। आईसीसी महिला एकदिवसीय गेंदबाज रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं।

मेगन के अलावा, बाएं हाथ के स्पिनर जेस जोनासेन, ऑलराउंडर एलिसे पेरी और ताहलिया मैकग्राथ प्लेइंग इलेवन में शामिल हैं। इससे ऑस्ट्रेलिया को पेसर डार्सी ब्राउन, एनाबेल सदरलैंड, निकोला कैरी और लेग स्पिनर अलाना किंग के विकल्पों में से दो खिलाड़ी का चयन करना होगा। मोट ने स्वीकार किया कि शेष दो खिलाड़ी के लिए चयन करना कठिन होगा। मैंने अभी तक इसके बारे में सोचा भी नहीं है। यह चयन कठिन होने वाला है। घरेलू मैदान पर महिलाओं की एशेज बरकरार रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया को तीन वनडे में से सिर्फ एक जीत की जरूरत है। महिला एशेज के मौजूदा सीरीज में मेजबान टीम 6-4 से आगे चल रही है।

श्रीलंका पांचवें स्थान के प्लेऑफ में, स्कॉटलैंड को हराकर 13वें स्थान पर रहा युगांडा

नॉर्थ साउंड। दुनिथ वालालगे की कप्तानी पारी से श्रीलंका ने दक्षिण अफ्रीका को 65 रन से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के पांचवें स्थान के प्लेऑफ में जगह बनायी। टूनार्मेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले वालालगे ने इस मैच में बल्ले से कमाल दिखाया तथा 130 गेंदों पर 113 रन की पारी खेली जिससे श्रीलंका ने छह विकेट पर 232 रन बनाये। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 167 रन पर आउट हो गयी। वालालगे ने शीर्ष क्रम लड़खड़ाने के बाद रानुदा सोमारत्ने (नाबाद 57) के साथ पांचवें विकेट के लिये 130 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने नियमित अंतराल में विकेट गंवाये। उसकी तरफ से गेरहार्ड मारी ने सर्वाधिक 44 रन बनाये। उधर युगांडा ने बारिश से प्रभावित मैच में स्कॉटलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 51 रन से हराकर 13वां स्थान हासिल किया। युगांडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 34.4 ओवर में 226 रन बनाये। उसकी तरफ से रोनाल्ड लुटाया ने सर्वाधिक 64 रन का योगदान दिया जबकि स्कॉटलैंड के लिये बायें हाथ के स्पिनर जेमी केयर्न्स ने 24 रन देकर छह विकेट लिये। बारिश के कारण स्कॉटलैंड के सामने 36 ओवर में 222 रन का लक्ष्य रखा गया लेकिन उसकी टीम 32.3 ओवर में 170 रन पर आउट हो गयी। युगांडा के लिये जुमा मियाजी ने चार और क्रिस्टोफर किडेगा ने तीन विकेट लिये।

लैंगर के इंग्लैंड के कोच के रूप में कार्यभार संभालने की संभावना नहीं : रिपोर्ट

लंदन। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच जस्टिन लैंगर को लेकर खबरें आ रही है कि वह इंग्लैंड की टीम को संभालने का काम करेंगे, लेकिन रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उनके कार्यभार संभालने की संभावना नहीं है, क्योंकि इंग्लैंड की एशेज में हार उनके द्वारा कोचिंग दी जाने वाली टीम से हुई थी।

लैंगर ने संयुक्त अरब अमीरात में अपनी पहली आईसीसी टी20 विश्व कप जीत के लिए ऑस्ट्रेलियाई सीमित ओवरों की टीम का सफलतापूर्वक मार्गदर्शन किया है और फिर टेस्ट टीम को घर में 4-0 से एशेज जीत दिलाई है, लेकिन उनके और खिलाड़ियों के साथ तालमेल की खबरें ठीक नहीं आ रही थी। वहीं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) जून के बाद अपने अनुबंध को नवीनीकृत करने के बारे में फिर से विचार कर रहा है।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) जल्द ही कोच क्रिस सिल्वरवुड पर फैसला ले सकता है, क्योंकि टीम ने ऑस्ट्रेलिया में खराब प्रदर्शन किया, क्योंकि एक टेस्ट ड्रॉ और चार मैच बड़े अंतर से हार गए। ईसीबी कथित तौर पर सिल्वरवुड के संभावित प्रतिस्थापन की तलाश में है और लैंगर का नाम भी उनके संभावित उत्तराधिकारी के रूप में सामने आया है।

हालांकि, डेली मेल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह संभावना नहीं है कि लैंगर कोचिंग का पद संभालेंगे।

रिपोर्ट में कहा गया, पूर्व साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर और भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन की सिल्वरवुड की जगह देखा जा रहा था, लेकिन वह किसी दूसरी टीम के साथ व्यस्त होंगे, इसलिए वह इंग्लैंड की कोचिंग का पदभार नहीं संभाल सकते।

लैंगर के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है, बात यह है कि लैंगर को एशेज हारने के बाद इंग्लैंड द्वारा कोच का पद देना मुश्किल है, जिनका ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ अनुबंध जून में समाप्त हो रहा है।

पीएसएल : लाहौर ने कराची और इस्लामाबाद ने पेशावर को हराया

कराची। फखर जमां के पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में पहले शतक की मदद से लाहौर कलंदर्स ने कराची किंग्स को छह विकेट से हराया जबकि एक अन्य मैच में इस्लामाबाद यूनाइटेड ने पेशावर जल्मी को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी।

बायें हाथ के बल्लेबाज फखर ने 60 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 106 रन बनाये जिससे लाहौर ने चार विकेट पर 174 रन बनाकर जीत दर्ज की। कराची की यह लगातार तीसरी हार है। कराची के कप्तान बाबर जमां ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और उनकी टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 170 रन बनाये। शार्जील खान ने उसकी तरफ से सर्वाधिक 60 रन का योगदान दिया। इससे पहले एक अन्य मैच में पेशावर की टीम ने शेरफेन रदरफोर्ड के नाबाद 70 रन के बावजूद छह विकेट पर 168 रन बनाये। इसके जवाब में इस्लामाबाद ने 15.5

ओवर में एक विकेट पर 172 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसकी तरफ से एलेक्स हेल्स (नाबाद 82) और पॉल स्टर्लिंग (57) ने पहले विकेट के लिये 9.4 ओवर में 112 रन जोड़कर जीत की नींव रखी।

भारत में टी20 श्रृंखला के लिये वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को हराने वाली टीम को बरकरार रखा

सेंट जोन्स। वेस्टइंडीज ने भारत में 16 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये कीरोन पोलार्ड की अगुवाई में उसी 16 सदस्यीय टीम का चयन किया है जिसने घरेलू धरती पर इंग्लैंड को हराया।

तीनों टी20 मैच 16, 18 और 20 फरवरी को कोलकाता में खेले जाएंगे। इससे पहले अहमदाबाद में छह, नौ और 11 फरवरी को तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वेस्टइंडीज पोलार्ड की अगुवाई में पहले ही वनडे टीम घोषित कर चुका है। पोलार्ड, फैबियन एलेन, डैरेन ब्रावो, जैसन होल्डर, शाई होप, अकील हुसैन, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरण, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ और हेडन वॉल्श जूनियर सीमित ओवरों की दोनों टीम में शामिल हैं। शिमरोन हेटमायर को फिर से फिटनेस के आधार पर टीम में नहीं चुना गया। इस महीने के शुरू में वेस्टइंडीज के मुख्य कोच फिल सिमन्स ने फिटनेस के प्रति हेटमायर के रवैये पर नाखुशी जाहिर की थी। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, ह्यह्यटीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया और हमने इसी टीम के साथ बने रहने का फैसला किया है। उन्होंने गजब का कौशल और जज्बा दिखाया और हमें भारत में उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है।ह्ल वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से जीती। वेस्टइंडीज की टी20 टीम इस प्रकार है : कीरोन पोलार्ड (कप्तान), निकोलस पूरण (उपकप्तान), फैबियन एलन, डैरेन ब्रावो, रोस्टन चेज, शेल्डन कॉटरेल, डोमिनिक ड्रेक्स, जैसन होल्डर, शाई होप, अकील हुसैन, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, काइल मेयर्स, हेडन वॉल्श जूनियर।

क्रिकहीरोज अवार्ड्स : क्रिकेट प्रतिभाओं की खोज कर किया गया सम्मानित

गुड़गांव के नाम सबसे ज्यादा 7 अवार्ड्स रहे

नई दिल्ली। हाल ही में वर्चुअल समारोह में वितरित किए गए पहले क्रिकहीरोज अवार्ड्स ने सम्पूर्ण भारत में मौजूद जमीनी स्तर की क्रिकेट प्रतिभाओं की गहराई को अवगत कराया है। देश से करीब 17 शहरों और कस्बों के क्रिकेटरों, स्कोरर, आयोजकों और टीमों ने खेल के प्रसार और लोकप्रियता को रेखांकित करते हुए 20 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त किए। क्रिकहीरोज एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रदर्शन विश्लेषण मंच है, जिसमें क्रिकेट की दुनिया भर में आधिकारिक भागीदार के रूप में कई घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संघ और क्रिकेट बोर्ड्स के रूप में शामिल हैं।

क्रिकहीरोज में 1.1 करोड़ से अधिक क्रिकेटरों का पंजीकरण हैं जिन्होंने कुल मिला कर 20 लाख से अधिक मैच खेले हैं। 200 से अधिक क्रिकेट संघ क्रिकहीरोज को अपने आधिकारिक स्कोरिंग प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग कर रहे हैं। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल, बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन, तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन, आदि जैसे प्रमुख बीसीसीआई संबद्ध राज्य संघों के साथ-साथ श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, कनाडा जैसे आईसीसी संबद्ध सदस्य और

अन्य बोर्ड्स इस मंच का उपयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए क्रिकहीरोज के संस्थापक, अभिषेक देस ने कहा, ह्यहम पहले क्रिकहीरोज अवार्ड्स के सभी विजेताओं को बधाई देते हैं। वे सभी वास्तव में इस मान्यता के पात्र थे। हम उन्हें 2022 में इस तरह के और अधिक पुरस्कार और प्रदर्शन की कामना करते हैं। क्रिकहीरोज अवार्ड अगले साल और भी बड़ा और बेहतर होगा।' चेन्नई के बालाजी कन्नन और बेंगलुरु की उमा काशवी ने क्रमशः वर्ष का सबसे प्रतिष्ठित क्रिकहीरो (पुरुष) और क्रिकहीरो ऑफ द ईयर (महिला) खिताब जीता। बालाजी और उमा दोनों ने कैलेंडर वर्ष 2021 में लेदर-बॉल क्रिकेट में सर्वाधिक मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) पुरस्कार जीते थे।

बालाजी ने क्रिकहीरो फील्डर ऑफ ईयर का पुरस्कार भी जीता, जिसमें उनके नाम पर 368 मैचों में 161 कैच और 27 रन आउट के साथ कुल 188 शिकार हैं। दिन के दूसरे सितारे निस्संदेह गुड़गांव के दीपांशु कक्कड़ थे, जिन्होंने लेदर-बॉल क्रिकेट में क्रिकहीरोज बैटर और विकेटकीपर ऑफ द ईयर सहित तीन पुरस्कार अपने नाम किए। उन्होंने स्टंप्स के पीछे 189 शिकार दबोचे एवं 50 से ऊपर की औसत से 10,000 से अधिक रन बनाए।

आईएसएल : बेंगलुरू ने रोका केरला ब्लास्टर्स का विजय रथ

गोवा। केरला ब्लास्टर्स का 10 मैचों से अपराजित रहने का सिलसिला आखिरकार रविवार रात टूट गया और इसे तोड़ा बेंगलुरू एफसी के लेफ्ट बैक रोशन नाओरम की बेहतरीन लेफ्ट फुटर किक ने। उनके एकमात्र गोल की मदद से बेंगलुरू ने हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 में केरला ब्लास्टर्स को 1-0 से हरा दिया। वास्को डे गामा स्थित तिलक मैदान स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बेहतरीन डिफेंडिंग और एकमात्र गोल करने के लिए रोशन को हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। अपनी पांचवीं जीत से कोच मार्को पेजैउओली की टीम ने तीन स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष चार में जगह बना ली है। बेंगलुरू 14 मैचों में केरला ब्लास्टर्स के बराबर 20 अंक जुटाकर तालिका में सातवें से चौथे स्थान पर पहुंच गई है। उसने पांच मैच जीते हैं और पांच ड्रा खेले हैं। वहीं, केरला ब्लास्टर्स इस हार के बावजूद गोल औसत के आधार पर तीसरे स्थान पर बनी हुई है। केरला 12 मैचों में पांच जीत और पांच ड्रा से 20 अंक जुटा चुकी है।

दूसरी हार से सर्बियाई कोच इवान वुकोमैनोविक के ब्लास्टर्स का अपराजय रहने का सुनहरा सफर टूट गया। वहीं, बेंगलुरू के अपराजित रहने का सिलसिला आठ मैचों तक पहुंच गया है। मैच का एकमात्र गोल दूसरे हाफ में आया। जब 56वें मिनट में मिली एक फ्री-किक को डिफेंडर रोशन नाओरम ने बेहतरीन लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गोल में तब्दील कर दिया और बेंगलुरू एफसी 1-0 से आगे हो गई। बेंगलुरू को यह अवसर उस समय मिला जब बॉक्स के ठीक बाहर केरला के मिडफील्डर ललथथांगा खलहरिंग पुइतिआ ने मिडफील्डर दानिश फुरूख के खिलाफ फाउल कर दिया। इस अवसर पर लेफ्ट बैक रोशन के लेफ्टर ने केरला की डिफसिंव वॉल और गोलकीपर प्रभसुखन गिल को छका दिया। इस तरह हीरो आईएसएल सीजन 21-22 में ब्लास्टर्स के खिलाफ बेंगलुरू बाजी मारने में सफल रही। क्योंकि पिछली बार पहले चरण में जब ये दोनों आपस में भिड़ी थीं, तो वो मैच 1-1 से ड्रा रहा था।

मीडिया क्रिकेट में पराड़कर एकादश ने बरकरार रखा खिताब

वाराणसी। अनिल कुशवाहा (54 रन, 7 चौका) के शानदार अर्द्धशतक के बदौलत पराड़कर एकादश ने 34वीं कनिष्कदेव गोरावाला स्मृति मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने पास बरकरार रखा है। पराड़कर एकादश ने ईश्वरदेव मिश्र एकादश को 23 रन से पराजीत किया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अनिल कुशवाहा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता में अमित दत्ता को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, परितोष को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा अनिल कुशवाहा को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। काशी विश्वनाथ धाम यूथ फेस्टिवल के तहत काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पराड़कर एकादश ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुए निर्धारित 20 आवेर में पांच विकेट पर 154 रन बनाये। अनिल कुशवाहा के अलावा राजेन्द्र यादव ने 43 रन और नरेन्द यादव ने 22 रन का योगदान किया। जवाब में ईश्वरदेव मिश्र एकादश की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 131 रन ही बना सकी। सोनू ने 29, विकास गौड़ ने 28, दीपक बिन्द ने 19 रन बनाये। धवल चौरसिया और श्रीप्रकाश ने दो-दो, दीनबन्धु राय और प्रशांत मोहन ने एक-एक विकेट लिया। अजय राय और आरपी गुप्त ने अम्पायरिंग तथा अजीत ने स्कोरिंग की।

मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर पुरस्कार जीतना आश्चर्यजनक था : स्टार्क

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने सोमवार को कहा है कि वास्तव में अच्छी और बुरी चीजों के बीच के गैप को कम करने में एशेज के दौरान सफलता मिली। साथ ही उन्होंने कहा कि 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के रूप में एलन बॉर्डर पुरस्कार जीतना भी आश्चर्यजनक था। स्टार्क, जिसका एशेज के दौरान हरफनमौला प्रदर्शन के कारण मेजबान टीम के लिए 4-0 से श्रृंखला जीतने में कामयाब रही थी, उनको इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में अपने कारनामों के कारण सर्वोच्च व्यक्तिगत पुरस्कार मिला, जिसमें 31 वर्षीय खिलाड़ी सभी पांचों में खेल रहे थे। उन्होंने सीरीज में 25.37 की औसत से 19 विकेट लिए।

31 वर्षीय स्टार्क भी 22 साल में टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, मिशेल जॉनसन, ब्रेट ली और ग्लेन मैकग्राथ की पसंद में शामिल होने के लिए पदक जीतने वाले पांचवें तेज गेंदबाज बन गए, जो शीर्ष पुरस्कार जीतने वाले एकमात्र तेज गेंदबाज थे। इसे 2000

में पेश किया गया था।

भारत के खिलाफ 2020/21 सीरीज में अपने खराब प्रदर्शन के बाद तेज गेंदबाज सवाल उठने लगे थे, जहां उन्होंने 40.72 पर सिर्फ 11 विकेट लिए। इसके बाद दुबई में आईसीसी टी20 विश्व कप में उनके प्रदर्शन ने भी सबको निराश किया था, जिसमें स्टार्क ने फाइनल में अपने चार ओवरों में बिना विकेट लिए 60 रन दिए थे। स्टार्क ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में अपनी गेंदबाजी के कुछ पहलुओं पर काम किया है ताकि इसे और अधिक शक्तिशाली बनाया जा सके।

स्टार्क ने सोमवार को सेन रेडियो को बताया, वास्तव में खराब प्रदर्शनों के बाद, पिछले कुछ महीनों में एशेज में प्रदर्शन करना मेरे लिए अच्छा रहा है और खुद को ऐसे देखना अच्छा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस साल सभी प्रारूपों में 24.4 की औसत से 43 विकेट लिए और पदक की गिनती में 107 वोट प्राप्त किए, जो मिशेल मार्श से एक वोट अधिक था।

ब्राजील में कोरोना के 1,34,175 नए मामले

ब्रासीलिया। ब्राजील में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 1,34,175 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर ढाई करोड़ के पार पहुंच गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इस अवधि में महामारी से 330 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 6,26,854 के करीब पहुंच गया है। ब्राजील में कोरोना वायरस होने वाली मौतों के मामले में विश्व में दूसरे नवंबर पर तथा संक्रमितों के मामले में तीसरे स्थान पर है ।

नेपाल के दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन 26 मई से होगा शुरू

काठमांडू। नेपाल के दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन मई में शुरू हो जाएगा। नेपाल के पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री प्रेम आले ने भैरहवा में निमार्णाधीन हवाई अड्डे का निरीक्षण करते हुए बताया कि 26 मई से गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जीबीआईए) पर सभी अंतरराष्ट्रीय विमान उड़ान भर सकेंगे और उतर सकेंगे। नेपाल के हवाई क्षेत्र से गुजरने वाले विमान में अगर कोई तकनीकी दिक्कत आती है, तो आपात स्थिति में हवाई जहाज को उतारने के लिए उसे काठमांडू की ओर नहीं ले जाना होगा। अभी, आपात स्थिति में विमान उतारने के लिए उसे त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) लौटना पड़ता है। जीबीआईए पर विमान सेवा शुरू होने के बाद आपात स्थिति में विमान उतारने के लिए, उड़ानों को भारत की ओर या काठमांडू हवाई अड्डे की ओर नहीं जाना पड़ेगा। थाईलैंड के एरोनॉटिकल रेडियो (एयरोथाई) की एक विशेषज्ञ टीम यांत्रिक परीक्षण उड़ान की तैयारी के लिए नेपाल पहुंच गई है। वह यह सत्यापित करेगी कि नया हवाई अड्डा तकनीकी रूप से ठीक है या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी परीक्षण संबंधी सभी काम एक महीने के अंदर पूरा किया जाएगा।

मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा, बुद्ध जयंती के अवसर पर हवाई अड्डे का संचालन शुरू करने के लिए एयरोथाई विशेषज्ञों की एक टीम काम कर रही है।

बाइडन ने अफगानिस्तान में बंधक बनाए गए अमेरिकी नागरिक की रिहाई की अपील की

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अफगानिस्तान में बंधक बनाए गए अमेरिकी नौसेना के पूर्व सैनिक मार्क फ्रेरिच को रिहा करने की अपील की है। मार्क को करीब दो साल पहले बंधक बना लिया गया था। पूर्व नौसैनिक मार्क फ्रेरिच पेशे से इंजीनियर हैं और अमेरिका के इलिनॉय प्रांत के लोम्बार्ड के रहने वाले हैं। उनका जनवरी 2020 में अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अपहरण कर लिया गया था। ऐसा माना जाता है कि मार्क तालिबान से जुड़े हक्कानी नेटवर्क की हिरासत में हैं। मार्क के अपहरण की दूसरी बरसी पर सोमवार को बाइडन ने एक वक्तव्य में कहा, अमेरिकी लोगों या किसी भी निर्दोष नागरिक की सुरक्षा को खतरा हमेशा अस्वीकार्य है, और हमारा मानना है कि बंधक बनाना विशेष क्रूरता और कायरता का कार्य है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, तालिबान को मान्यता एवं वैधता प्राप्त करने की अपनी आकांक्षाओं पर किसी भी प्रकार की उम्मीद करने से पहले मार्क को तुरंत रिहा कर देना चाहिए। इसको लेकर कोई बातचीत नहीं होगी। मार्क की बहन चार्लेन काकोरा ने एक बयान जारी कर कहा कि उनका परिवार राष्ट्रपति बाइडन के बयान के लिए आभारी है।

पुर्तगाल में सोशलिस्ट पार्टी की लगातार तीसरी बार आम चुनावों में जीत

लिस्बन। पुर्तगाल की मध्य-वामपंथी सोशलिस्ट पार्टी ने रविवार को लगातार तीसरी बार आम चुनावों में जीत हासिल कर ली है। आधिकारिक नतीजों से यह जानकारी मिली है। वह ऐसे समय में सत्ता में लौट रही है जब देश कोविड-19 महामारी के बाद अर्थव्यवस्था के लिए यूरोपीय संघ सहायता के तहत अरबों यूरो निवेश करने की योजना बना रहा है। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के मामलों में वृद्धि के बीच हुए चुनावों में करीब 10 लाख संक्रमित मतदाताओं को मत देने के लिए घरों से बाहर निकलने की अनुमति दी गयी। सोशलिस्ट पार्टी ने संसद की 230 सीटों में से कम से कम 106 पर जीत हासिल की। अभी तक 98.5 प्रतिशत मतों की गणना हुई है जिसमें सोशलिस्ट पार्टी को 41 प्रतिशत मत मिले हैं जबकि उसके मुख्य विपक्षी दल मध्य-दक्षिणपंथी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी को 28 प्रतिशत मत मिले हैं। उसने कम से कम 65 सीटों पर जीत दर्ज की है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या सोशलिस्ट पार्टी 116 सीटों का आंकड़ा जुटा लेगी जिससे वह अपने दम पर विधेयकों को पारित करा सकेगी या इस आंकड़ें से दूर रहेगी और उसे विधेयकों को पारित कराने के लिए छोटे दलों का समर्थन मांगना पड़ेगा।

तेज रफ्तार वाहन ने कई गाड़ियों को टक्कर मारते हुए 9 लोगों को रौंदा, सभी की मौत

नॉर्थ लास वेगास (अमेरिका)। अमेरिका के नेवादा राज्य में एक वाहन ने कई गाड़ियों को टक्कर मार दी, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गयी और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या वाहन के चालक ने नशे की हालत में लाल बत्ती पार की, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। लास वेगास पुलिस ने बताया कि शनिवार को हुई दुर्घटना में मारे गए लोगों में वाहन का चालक और उसमें सवार यात्री शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चालक और आठ अन्य मृतकों की पहचान के संबंध में क्लार्क काउंटी कोरोनर का कार्यालय जानकारी देगा।

विश्व में कोरोना से 56.62 लाख से अधिक लोगों की मौत

वाशिंगटन। विश्व में कोरोना वायरस महामारी से अब तक 37.42 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हुए है जबकि इसके संक्रमण से 56.62 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी हैं। वहीं दुनिया भर में अब तक 9.96 अरब से ज्यादा वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है।

अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के कोरोना वायरस रिसोर्स सेंटर की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 374,279,678 हो गयी है और मृतकों के आंकड़े बढ़कर 56.62,611 हो गए हैं।

दुनिया भर में कोरोना संक्रमण के सबसे अधिक मामलों के साथ अमेरिका शीर्ष पर है, जहां इस महामारी से अभी तक 7.43 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और 8,84,223 लोग काल के गाल में समा चुके हैं।

भारत इस महामारी के संक्रमण के मामले में दूसरे स्थान पर है, जहां पिछले 24 घंटों में शनिवार सुबह तक कोविड संक्रमण के दो लाख 09 हजार 918 नये मरीज सामने आये हैं। देश के कोरोना सक्रिय मामलों की कुल संख्या 18 लाख 31 हजार 268 हो गयी है। यह संक्रमित मामलों का 4.43 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 15.77 प्रतिशत हो गयी है।अभी तक कुल तीन करोड़ 89 लाख 76 हजार

122 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 94.37 प्रतिशत है। वहीं इस दौरान 959 लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 4,95,050 हो गया है। देश में इस समय मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है।

संक्रमण के मामले में ब्राजील तीसरे स्थान पर आ गया है। देश में कोरोना वायरस की जद में अभी तक ढाई करोड़ से अधिक लोग आ चुके है और यह वायरस अभी तक 6,27,124 लोगों की जान ले चुका है।

फ्रांस संक्रमण के मामले में चौथे पायदान पर है। देश में अभी तक अभी तक करीब 1.78 करोड़ से ज्यादा लोग इस जानलेवा वायरस से संक्रमित हो चुके हैं और अब तक 1,31,576 लोगों की मौत हुई है।

कोरोना संक्रमण के मामले में ब्रिटेन पांचवें स्थान पर है, जहां अभी तक करीब 1.65 करोड़ लोग इस महामारी से प्रभावित हो चुके है जबकि मृतकों का आंकड़ा 1,56,222 तक पहुंच गया है।

तुर्की ने कोरोना संक्रमण के मामले में रूस को पीछे छोड़ दिया है और यह छठे पायदान पर है, जहां अभी तक करीब 1,15,26,621 लोग संक्रमित हुए हैं और इस महामारी से 87,234 लोगों की जान जा चुकी है।

रूस कोरोना संक्रमण के मामले में सातवें पायदान पर खिसक गया है। देश में इस महामारी से 11547333 लोग प्रभावित हो चुके हैं और अब तक 3,24,060 लोग जान गंवा चुके हैं। मृतकों के मामले में रूस चौथे स्थान पर है।

इटली में संक्रमितों की कुल संख्या 1.09 करोड़ के पार पहुंच गयी है और यह आठवें स्थान पर है। देश में मृतकों का आंकड़ा 1,46,149 तक पहुंच गया है।

स्पेन संक्रमितों के मामले में नौवें पायदान पर है जहां इस महामारी से अभी तक 97.79 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं और 92,966 लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा हैं।

यूएई ने यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा दागी मिसाइल को बीच में ही रोका

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा सोमवार तड़के दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल को बीच में ही रोक दिया और नष्ट कर दिया। यह मिसाइल ऐसे समय पर दागी गई, जब इजराइल के राष्ट्रपति आइजक हरजोग देश की यात्रा पर हैं। यूएई पर हाल के हफ्तों में हुआ यह ऐसा तीसरा हमला है। यूएई की सरकारी एजेंसी डब्ल्यूएएम ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, हमले से कोई नुकसान नहीं हुआ है, क्योंकि नष्ट की गई बैलिस्टिक मिसाइल के टुकड़े आबादी वाले क्षेत्रों के बाहर गिरे। देश की नागरिक हवाई यातायात नियंत्रण एजेंसी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में हवाई यात्रा पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ा, जहां से अमीरात और एतिहाद के लंबी दूरी के विमान उड़ान भरते हैं। पहले ही, देश के शीर्ष अभियोजक ने धमकी दी है कि जो लोग इस तरह की घटना की तस्वीरें साझा करेंगे, उन्हें यूएई में आरोपों का सामना करना पड़ेगा।

यमन के अल-जॉफ प्रांत में भी पिछले सप्ताह इसी तरह एक हमला किया गया था। अल-जॉफ, अबू धाबी के दक्षिण-पश्चिम में लगभग 1,350 किलोमीटर (840 मील) पर स्थित है। हूती सेना के प्रवक्ता येहिया सारे ने ट्वीट किया कि विद्रोही आने वाले घंटों में एक हमले की घोषणा करेंगे। उन्होंने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। हूती के समाचार चैनल अल-मसीरा ने बाद में बताया कि हवाई हमलों ने यमन की विद्रोहियों के कब्जे वाली राजधानी सना को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इस बीच, इजराइल के राष्ट्रपति आइजक हरजोग ने अबूधाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान के साथ मुलाकात की। दो घंटे की बातचीत के दौरान हरजोग ने इस क्षेत्र के और देशों से इजराइल को मान्यता देने की अपील की तथा अबू धाबी पर हाल के हवाई हमलों की निंदा की। इजराइल के राष्ट्रपति के कार्यालय के अनुसार हरजोग ने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हम आपकी सुरक्षा जरूरतों का समर्थन करते हैं और आपकी संप्रभुता पर किसी भी हमले की पूरी तरह से निंदा करते हैं।

उत्तर कोरिया ने अमेरिकी क्षेत्र तक मार करने में सक्षम मिसाइल के परीक्षण की पुष्टि की

सियोल। उत्तर कोरिया ने सोमवार को पुष्टि की कि उसने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है, जो अमेरिका के ग्वाम क्षेत्र तक मार करने में सक्षम है। हाल के वर्षों में यह उत्तर कोरिया का सबसे शक्तिशाली मिसाइल परीक्षण है। इस परीक्षण के बाद अमेरिका ने क्षेत्र में अपने सहयोगी देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जतायी है। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि रविवार को हुए हवासोंग-12 मिसाइल के परीक्षण का उद्देश्य चुनिंदा रूप से बनायी और तैनात की जा रही इस मिसाइल का मूल्यांकन करना और इसकी सटीकता का सत्यापन करना था। उसने बताया कि मिसाइल पर लगे कैमरे ने अंतरिक्ष से पृथ्वी की एक तस्वीर कैद की और रक्षा विज्ञान अकादमी ने इस हथियार प्रणाली की सटीकता, सुरक्षा और प्रभाविता की पुष्टि की। उत्तर कोरिया ने बताया कि उसने मिसाइल को अपने पूर्वी तट की ओर दागा। उसने अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। दक्षिण कोरिया और जापान के आकलन के अनुसार, मिसाइल अधिकतम 2,000 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंची और कोरियाई प्रायद्वीप तथा जापान के बीच समुद्र में गिरने से पहले उसने 800 किलोमीटर की दूरी तय की। इन जानकारियों से पता चलता है कि उत्तर कोरिया ने 2017 के बाद से अपनी सबसे लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। उसने 2017 में तीन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था, जो अमेरिका के भीतर तक मार करने में सक्षम हैं। हवासोंग-12 जमीन से जमीन तक मार करने में सक्षम परमाणु संपन्न मिसाइल है। यह अधिकतम 4,500 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकती है। अमेरिका के ग्वाम क्षेत्र तक पहुंचने के लिए यह दूरी पर्याप्त है। उत्तर कोरिया ने इस महीने में यह सातवां परीक्षण किया है। एक के बाद एक परीक्षण किए जाना लंबे समय से बाधित परमाणु वार्ता को लेकर अमेरिकी प्रशासन पर दबाव बनाने का संकेत देता है। रविवार के परीक्षण के बाद व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने कहा कि वह ताजा मिसाइल परीक्षण को पिछले कई महीनों से चल रहे उकसावे वाले कृत्यों को बढ़ाने के तौर पर देखते हैं। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि बाइडन प्रशासन की उत्तर कोरिया को यह दिखाने के मकसद से आने वाले दिनों में इस ताजा मिसाइल परीक्षण का जवाब देने की योजना है कि वह क्षेत्र में अपने सहयोगियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। बाइडन प्रशासन ने उत्तर कोरिया से वार्ता बहाल करने की फिर से अपील की है। वहीं, दक्षिण कोरिया और जापान के अधिकारियों ने भी रविवार को हुए परीक्षण की निंदा की है।

अफगानी समावेशी सरकार, महिला अधिकार चाहते हैं : करजई

काबुल। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने कहा है कि एक समावेशी सरकार का गठन और महिलाओं के अधिकारों का सम्मान देश के नागरिकों की भी इच्छा है, न कि केवल अंतरराष्ट्रीय समुदाय की। एक समावेशी सरकार का गठन और मानवाधिकारों और महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित करना अफगानिस्तान में वर्तमान तालिबान सरकार की मान्यता पर विचार करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की पूर्व शर्त है। रविवार को एक विशेष साक्षात्कार में, करजई ने टोलो न्यूज को बताया कि उन्होंने और अब्दुल्ला अब्दुल्ला, राष्ट्रीय सुलह के लिए उच्च परिषद के पूर्व अध्यक्ष ने तालिबान सरकार को एक पत्र में राजनीतिक सुलह प्रक्रिया और राजनीतिक नेताओं के साथ लोया जिरगा(नेशनल एसेंबली) आयोजित करने के लिए बैठक करने का आह्वान किया।

पूर्व राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि अफगानों को विदेशियों के प्रस्तावों की प्रतीक्षा करने के बजाय देश की मौजूदा स्थितियों का समाधान खोजना चाहिए। उन्होंने टोलो न्यूज को बताया कि हमने कुछ अफगान राजनेताओं के साथ राजनीतिक और राष्ट्रीय जुड़ाव की एक प्रक्रिया की पेशकश की, जिसमें अफगान महिलाएं भी मौजूद हैं और अंततः लोया जिरगा आयोजित करने की एक राष्ट्रीय प्रक्रिया है जो हमारी राष्ट्रीय और ऐतिहासिक परंपरा है।

करजई ने देश में लोगों को सहायता वितरण की प्रक्रिया की भी आलोचना की।

पूर्व नेता ने कहा कि यदि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा अफगानिस्तान को प्रदान की जाने वाली सहायता अफगान सरकार के विभागों के माध्यम से वितरित नहीं की जाती है, तो यह अफगानिस्तान में सरकार के अंत की शुरूआत है।

इराक के विदेश मंत्री कोरोना पॉजिटिव

बगदाद। इराक के विदेश मंत्री फुआद हुसैन कोरोना पॉजिटिव है। वह जल्दी ठीक हो रहे हैं और वापस काम पर लौटेंगे। ये जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मंत्रालय के प्रवक्ता अहमद अल-सहफ के एक बयान का हवाला देते हुए कहा, हम पुष्टि करते हैं कि मंत्री की स्वास्थ्य स्थिति अच्छी है, और वह ठीक हो रहे हैं। वह जल्द ही अपना काम और गतिविधियां जारी करेंगे। ये बयान मीडिया रिपोटरें के जवाब में आया कि हुसैन ने कुवैत में अरब लीग के विदेश मंत्रियों की सलाहकार बैठक में भाग नहीं लिया, क्योंकि वे कोरोना से संक्रमित हैं। इराक के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि देश में कोरोना के 5,582 नए मामले सामने आए, जिससे राष्ट्रव्यापी मामले बढ़कर 2,203,365 हो गए हैं। वहीं एक दिन में कोरोना से 15 नई मौते हुई, जिससे वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 24,376 हो गई, जबकि इराक में एक दिन में 5,657 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। इसी के साथ रिकवर होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 2,104,993 हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि 2020 में महामारी के फैलने के बाद से इराक में कुल 17,395,408 टेस्ट किए गए हैं, जिसमें से 20,933 दिन के दौरान किए गए हैं।

पश्चिमी जर्मनी में गश्त पर निकले दो पुलिस कर्मियों की गोली मारकर हत्या

बर्लिन। पश्चिमी जर्मनी में सोमवार को तड़के नियमित गश्त पर निकले दो पुलिस अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कैसरस्लौउतेन पुलिस ने एक बयान में बताया कि घटना सोमवार को सुबह चार बजकर करीब 20 मिनट पर कुसेल के पास वाहनों की जांच के दौरान हुई। उन्होंने कहा कि हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के पास उनके संबंध में कोई जानकारी नहीं है कि वे किस गाड़ी में आए थे या वे किस दिशा में भागे। पुलिस ने कुसल क्षेत्र में चालकों को किसी के लिए भी वाहन ना रोकने का आह्वान किया और आगाह किया कि कम से कम एक संदिग्ध के पास हथियार हैं।

नाबालिग के यौन शोषण के मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 15 माह की सजा

न्यूयॉर्क (अमेरिका)। अमेरिका में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 2019 में एक विमान में अपने पास बैठे एक नाबालिग लड़के का यौन शोषण करने के आरोप में 15 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। अमेरिका के न्याय विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए बयान के अनुसार, जिला न्यायाधीश नैन्सी ई. ब्रासेल ने मिनियापोलिस के रहने वाले नीरज चोपड़ा को बोस्टन से मिनियापोलिस की उड़ान के दौरान विमान में एक लड़के का यौन शोषण करने के आरोप में सजा सुनाई। तीन दिन चली सुनवाई के बाद पिछले साल जुलाई में चोपड़ा को दोषी ठहराया गया था। अदालत के दस्तावेज के अनुसार, चोपड़ा ने अप्रैल 2019 में बोस्टन से मिनियापोलिस जाने वाले ह्यजेट ब्लूह्ल विमान में पास की सीट पर बैठे 16 वर्षीय लड़के का यौन शोषण किया था।

सीरिया ने दमिश्क के पास इजराइली मिसाइल हमले को नाकाम किया

दमिश्क। सीरिया की हवाई रक्षा प्रणाली ने राजधानी दमिश्क के पास एक क्षेत्र को निशाना बनाने वाली कुछ इजराइली मिसाइलों को गिरा दिया। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने सोमवार को यह सूचना दी।

समाचार एजेंसी सना ने सैन्य स्त्रोतों का हवाला देते हुए कहा कि मिसाइलें पूर्वी लेबनान के आसमान की ओर से आईं और दमिश्क के नजदीकी क्षेत्रों में चौकियों को निशाना बनाया जिससे कुछ नुकसान हुआ।

इस संबंध में अभी और कोई विवरण नहीं मिल सका है और इजराइल की ओर से भी कोई टिप्पणी नहीं की गई है। दमिश्क में यह हमला तड़के करीब तीन बजे हुआ। इजराइल सीरिया पर ज्यादातर रात में ही हमले करता रहा है।

उत्तरी यूरोप में बर्फीले तूफान का कहर, चार लोगों की मौत

हेलसिंकी। उत्तरी यूरोप में इस सप्ताहांत में आए एक भीषण बर्फीले तूफान के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। तूफान के कारण कई मकान और कारें क्षतिग्रस्त हो गयीं, कुछ पुलों को बंद कर दिया गया और हजारों घरों की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गयी। इस बर्फीले तूफान को मलिक नाम दिया गया है और रविवार को यह नॉर्डिक क्षेत्र की ओर बढ़ गया। इसके परिणामस्वरूप डेनमार्क, फिनलैंड, नॉर्वे और स्वीडन में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और बर्फबारी भी हुई। तूफान मलिक ब्रिटेन से आने के बाद शनिवार देर रात नॉर्डिक क्षेत्र और उत्तरी जर्मनी पहुंचा, जहां इसने संपत्ति और परिवहन के साधनों को भारी क्षति पहुंचाई। इस बर्फीले तूफान के कारण स्कॉटलैंड बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। ब्रिटेन में तूफान के कारण पेड़ गिरने से उत्तरी हिस्से में स्थित स्टैफोर्डशायर में नौ साल का एक बच्चा और 60 साल की महिला की जान चली गई। स्कॉटलैंड में तेज हवाओं के कारण यातायात बाधित हो गया तथा हजारों मकानों में बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई। डेनमार्क में तूफान की वजह से भारी बारिश हुई और शनिवार को कई पुलों को अस्थायी तौर पर बंद करना पड़ा। यहां तेज हवा की वजह से 78 साल की एक बुजुर्ग महिला गिर कर घायल हो गई और उसकी मौत हो गई। जर्मनी में तूफान की वजह से एक बिलबोर्ड गिरने से एक व्यक्ति की जान चली गई।

पाकिस्तान-अफगान सीमा विवाद सुलझाने पर सहमति, बनेगी हाई पावर कमेटी

काबुल। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा विवाद और लगातार हो रही झड़पों के बीच पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) मोईद यूसुफ के अफगानिस्तान दौरे ने उम्मीद की किरण जगाई है। दो दिवसीय दौरे के समापन के बाद जारी बयान में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी सीमा विवाद सुलझाने पर सहमति बनने की बात कही गई है। इसके लिए एक उच्च अधिकार प्राप्त समिति (हाई पावर कमेटी) बनाने का फैसला लिया गया है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा विवाद का ही परिणाम था कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ को 18 जनवरी को प्रस्तावित अफगानिस्तान दौरा स्थगित करना पड़ा था। उस समय अफगानिस्तान में जोरदार पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शनों और सीमा पर दोनों ओर से गोलाबारी जैसी स्थितियों के मद्देनजर यह फैसला लिया गया था। शनिवार को स्थितियां थोड़ी सामान्य होने पर मोईद यूसुफ दो दिवसीय दौरे पर काबुल पहुंचे। दौरे के समापन के बाद ट्वीट कर यूसुफ ने इसे अच्छा दौरा करार दिया है। उन्होंने लिखा कि इस दौरे में उन्होंने अफगानिस्तान के साथ लगातार सहयोग बनाए रखने के पाकिस्तानी संकल्प को दोहराया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

पाकिस्तान में प्रेस की आजादी 2021 में खराब हुई : रिपोर्ट

कराची। काउंसिल ऑफ पाकिस्तान न्यूजपेपर्स एडिटर्स (सीपीएनई) ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि पिछले दो वर्षों की तुलना में 2021 में प्रेस की स्वतंत्रता कैसे खराब हुई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान मीडिया फ्रीडम रिपोर्ट- 2021 शीर्षक वाली रिपोर्ट में, सीपीएनई ने रविवार को मीडिया की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सूचना तक पहुंच को बाधित करने के उद्देश्य से रणनीति पर चिंता व्यक्त की।

अकेले 2021 में, रिपोर्ट से पता चला कि कराची स्थित सोशल मीडिया एक्टिविस्ट और सामुदायिक पत्रकार नाजिम जोखियो सहित ड्यूटी के दौरान पांच पत्रकार मारे गए, जिनका अपहरण और निर्दयता से हत्या कर दी गई थी। इसमें कहा गया है कि कम से कम नौ पत्रकारों ने कोरोना वायरस महामारी के कारण अपनी जान गंवा दी, जबकि दो पत्रकारों ने बेरोजगारी के कारण आत्महत्या कर ली। इसमें कहा गया है कि 2020 के बाद, वर्ष 2021 पाकिस्तान में पत्रकारों, मीडिया कर्मियों और मीडिया संगठनों के लिए एक अत्यंत कठिन वर्ष बन गया क्योंकि प्रेस की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दबाव में रही।

यह कहा गया कि कोविड-19 महामारी के कारण, न केवल कई पत्रकारों की जान चली गई, बल्कि इसने मीडिया घरानों को भी गहरे वित्तीय संकट में डाल दिया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न संस्थानों ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रणनीति के माध्यम से पत्रकार समुदाय को लगातार दबाव में रखने का प्रयास किया। रिपोर्ट में कहा गया, सीपीएनई ने यह भी नोट किया कि पिछले साल ड्यूटी के दौरान परेशान, प्रताड़ित और मारे गए पत्रकारों की संख्या अधिक हो सकती है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि कई पत्रकारों को हत्या के प्रयास, धमकी, मुकदमे और अज्ञात नंबरों से टेलीफोन कॉल का सामना करना पड़ा, साथ ही विभिन्न अवसरों पर ऑनलाइन उत्पीड़न का भी सामना करना पड़ा। इसमें कहा गया है कि प्रभावित पत्रकारों के परिवार के सदस्यों को भी शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ा। सीपीएनई ने यह भी उल्लेख किया कि राज्य संस्थानों ने 2021 के दौरान कई पत्रकारों के खिलाफ मामले दर्ज किए और विस्तार से बताया कि कैसे सरकार ने मीडिया को हुक या बदमाश नियंत्रित करने के लिए एक विवादास्पद मीडिया कानून लागू किया।